भोपाल, मंगलवार
11
मार्च 2025

दैनिक मध्य स्वर्णिम

सच्ची ख़बर, सबकी ख़बर...

वर्ष - 12 अंक-194 पृष्ठ-08 मूल्य-₹02

यह क्यूआर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर...
Scan QR Code to Read ePaper
www.madhyaswarnim.com

# प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन से होगी रोजगार में वृद्धि : डॉ. मोहन यादव

## शिवपुरी में प्रदेश के 9वें 'माधव टाइगर रिजर्व' का शुभारंभ





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को शिवपुरी में नवनिर्मित 'माधव टाइगर रिजर्व' का शुभारंभ किया। यह मध्यप्रदेश का 9वां और देश का 58वां नेशनल टाइगर रिजर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुनर्स्थापन प्रक्रिया से यहां लाई गई एक बाघिन को टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मुक्त आवास में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन चंबल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है।

माधव टाइगर रिजर्व में बाघों का पुनर्स्थापन हो रहा है। वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से राज्य को 9वें नेशनल टाइगर रिजर्व की अभूतपूर्व सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र सरकार के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाइगर रिजर्व के प्रतीक चिन्ह (लोगो) के विमोचन के साथ बाउन्ड्री वॉल का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश में वन संपदा है और वन्य जीव बड़ी संख्या में हैं।

चंबल क्षेत्र के कूनो में चीता, चंबल नदी में घड़ियाल और अब माधव नेशनल पार्क में बाघ पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। चंबल में वन्य जीव और मनुष्य मिलकर सह-अस्तित्व के भाव से अपनी-अपनी जिंदगी जी रहे हैं। यह अद्भुत नजारा केवल चंबल में देखने को मिलता है। राज्य सरकार के प्रयासों से यहां पर्यटन बढ़ेगा, रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खुलेंगे।

### चंबल क्षेत्र में वन्यजीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुईं: केंद्रीय मंत्री सिंधिया

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर-चंबल क्षेत्र को ऐतिहासिक सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माधव टाइगर रिजर्व, पन्ना टाइगर रिजर्व के बाद मध्यप्रदेश का तीसरा पुनर्जीवित किया गया नेशनल पार्क है। इससे चंबल क्षेत्र में वन्य जीव पर्यटन की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर कूनो नेशनल पार्क में देश में विलुप्त हो चुके चीता को फिर से बसाया गया है। उन्होंने 10 मार्च 2023 को माधव नेशनल पार्क में पूर्व में 3 बाघ छोड़े थे। आज एक बाघिन को छोड़ा गया है। अब कूनो और माधव टाइगर रिजर्व का संयुक्त क्षेत्र 3000 वर्ग किलोमीटर से अधिक हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मिलकर माधव टाइगर रिजर्व के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, वन राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# किसान कांग्रेस का मंच टूटा प्रदेश अध्यक्ष समेत कई घायल



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में कांग्रेस किसान के प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए प्रदेश भर के नेताओं का मंच टूट गया, जिसमें कांग्रेस किसान के प्रदेश अध्यक्ष समेत करीब 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। सभी की हालत ठीक बताई जा रही है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सिंह को पसलियों में लोहे की रॉड लगी है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने इस घटना को बीजेपी की साजिश कहा है।

इधर घटना की थोड़ी देर बाद ही किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता आगे बढ़े। पुलिस ने वाटर कैनन से सभी को आगे बढ़ने से रोक लिया। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी प्रदर्शन में शामिल हुए। इसके बाद वे मंच टूटने से घायल हुए नेता और कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने कहा कि घायलों कि हालत अब ठीक है। दरअसल विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन भोपाल में किसान कांग्रेस विधानसभा का घेराव करने इकट्ठा हुई। रंगमहल चौराहे पर प्रदर्शन के बीच कांग्रेस का मंच टूट गया।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंच टूटना बीजेपी की साजिश सो सकती है लेकिन बीजेपी को नहीं पता है कांग्रेस का मंच बहुत मजबूत है। कहा, सरकार किसानों की बात सुनना नहीं चाहती। कांग्रेस किसानों के हक के लिए आवाज उठाती है तो वाटर कैनन छोड़ा जाता है, लाठीचार्ज किया जाता है। वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मंच टूटने को लेकर कहा कि ये भाजपा का षड्यंत्र है। वो चाहती ही नहीं थी कि कांग्रेस का प्रदर्शन हो।

## @खबर संक्षेप

### शाकाहारी थाली सस्ती हुई, मांसाहारी थाली की कीमत बढ़ी

**नई दिल्ली।** फरवरी में घर में बने भोजन की शाकाहारी थाली पिछले साल के इसी महीने की तुलना में एक फीसदी सस्ती हो गई। हालांकि, इस दौरान मांसाहारी थाली की कीमत में लगभग 6 प्रतिशत का इजाफा देखा गया। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत में गिरावट मुख्य रूप से टमाटर और एलपीजी की कीमतों में कमी के कारण हुई। वहीं, मांसाहारी



थाली की कीमतों में इजाफे का कारण ब्रॉयलर चिकन की कीमतों का बढ़ना रहा। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा 'फरवरी में टमाटर की कम कीमतों के बीच शाकाहारी थाली की कीमत में साल-दर-साल गिरावट आई। दूसरी ओर, ब्रॉयलर की कीमत में वृद्धि जारी रहने के कारण मांसाहारी थाली की कीमत में मामूली वृद्धि हुई'। रिपोर्ट में बताया गया है कि फरवरी में टमाटर की कीमतें एक साल पहले के 32 रुपये प्रति किलोग्राम से 28 प्रतिशत घटकर 23 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। यह गिरावट बाजार में टमाटर की आवक में 20 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई। इसके अलावा, एलपीजी की कीमतों में भी 11 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे और राहत मिली। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत पिछले साल के 903 रुपये से घटकर 803 रुपये हो गई।

### होली तक मौसम भी बदलेगा रंग, हो सकती है बर्फबारी व बारिश

**नई दिल्ली।** होली तक फिर मौसम में बदल सकता है। पहाड़ों में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बादलों की आवाजाही के साथ बारिश की संभावना जताई जा रही है। आईएमडी के मुताबिक 14 मार्च तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। बर्फबारी से एक बार फिर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे आ सकता है, जिससे दिन में शीतलहर जैसी स्थिति सकती है।



मौसम विभाग के मुताबिक 12 से 15 मार्च तक पंजाब और हरियाणा के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। 13 से 14 मार्च तक दिल्ली-एनसीआर समेत पड़ोसी राज्यों में बादलों की आवाजाही रहेगी। इस दौरान बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है। कमोबेश यही स्थिति यूपी, बिहार और राजस्थान के आसपास भी बनी रह सकती है। एक अनुमान के मुताबिक उत्तर पूर्व राज्यों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र सक्रिय होने से अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, केरल और असम में हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों के साथ-साथ सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों में हवा तेज हो सकती है। मौसम विभाग ने दिल्ली में दिन में आसमान साफ ? रहने और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया है।

# राहुल गांधी ने लोकसभा में वोटर लिस्ट का मुद्दा उठाया

## सभी चाहते हैं तब अच्छा यही होगा कि संसद में इस विषय पर चर्चा हो



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में मतदाता सूची का मुद्दा उठाया और कहा कि कई राज्यों में वोटर लिस्ट पर सवाल उठे हैं, इसलिए संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की टिप्पणी पर हॉं में हॉं मिलाते हुए कहा, सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती, यह तो सबको पता है, लेकिन सवाल उठ रहे हैं तो ऐसे में अच्छा यही होगा कि संसद में इस विषय पर चर्चा हो। गौरतलब है कि इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपनी एक टिप्पणी में सवाल करते हुए कहा था कि क्या वोटर लिस्ट सरकार बनाती है? इसी बात पर राहुल गांधी ने कहा, कि आपने सही कहा कि वोटर लिस्ट क्या सरकार बनाती है? आपने सही बोला कि सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती है।

# 700 हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रारंभ होगी व्यावसायिक शिक्षा

## स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव



**भोपाल।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे।

वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेकनिशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्रायवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एण्ड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फ़ाइनेंस एग्ज़ीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लम्बर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है, कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है।




# मुंडन कराने मैहर जा रहे एक ही परिवार के 8 लोगों की मौत, 14 घायल

**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में भयानक सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाईवे-39 पर उपनी गांव में हुए हादसे में 8 लोगों की मौत हुई और 14 बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसा तब हुआ जब लोग एक एसयूवी में बैठकर बच्चे के मुंडन के लिए मैहर जा रहे थे। रास्ते में एक ट्रक से आमने-सामने की भिडंत हो गई। मटिहनी गांव से कार में सवार होकर 22 लोग बच्चों के मुंडन कराने मैहर जा रहे थे। तभी यात्रियों से भरी एसयूवी की टक्कर, ट्रक से हो गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, 7 लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि एक घायल ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। हादसे में 14 लोग घायल हो गए। हादसे में मारे गए सभी लोग साहू परिवार के है, जो देवरी और पंडरिया, बहरी के निवासी बताए गए हैं। मृतकों में 5 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। तूफान वाहन में कुल 22 लोग सवार थे, जो मटिहानी से मुंडन संस्कार के लिए निकले थे। इस भीषण दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखकर उन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

# डीएमके सांसद पर भड़के लोकसभा अध्यक्ष बिरला, आपको सदन से बाहर करता हूं

## स्पीकर ने रिजिजू से कहा कि इस मुद्दे पर प्रस्ताव लाइए



**नई दिल्ली।** संसद में बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुवात हो चुकी है। सोमवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला विपक्ष के एक सांसद पर भड़क उठे। उन्होंने सांसद को चेतावनी दी कि सदन मर्यादा से चलेगा। विपक्ष के साथ लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने केंद्र सरकार को भी सुनाया। लोकसभा स्पीकर ने संसदीय कार्यमंत्री से कहा सदन में प्रस्ताव लेकर आइए। दरअसल लोकसभा में कार्यवाही के दौरान विपक्ष के सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। तभी स्पीकर बिरला ने कहा कि ये व्यवहार ठीक नहीं है। मैं सभी को बोलने का मौका दे रहा हूं। आप लोग अपनी सीट पर बैठिए। तभी डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा कि वॉकआउट करुंगा। उन्होंने स्पीकर वन साइड-वनसाइड के नारे लगाए। इस पर स्पीकर बिरला भड़क उठे। उन्होंने कहा कि ये रिकॉर्ड में नहीं है। अगर रिकॉर्ड में होता तब मैं आपके खिलाफ कार्रवाई करके सदन से बाहर कर देता।

# महू में तनाव फैलाने वाले 12 उपद्रवी गिरफ्तार, बंद रहे बाजार

**इंदौर।** टीम इंडिया की जीत के जश्न के दौरान महू में उपद्रव करने वाले 17 आरोपियों की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कर ली है। उनमें से 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पथराव और आगजनी की घटना



में शामिल थे। कुछ आरोपियों पर रासुका के तहत एक्शन लेने की तैयारी कर ली गई है। महू में फैले तनाव के बाद सर्व हिंदू समाज ने सोमवार को महू बंद की घोषणा की थी। जिस इलाके में तनाव हुआ था, वहां तो पूरी तरह बंद का असर देखा गया। इक्का-दुक्का लोग ही सड़कों पर नजर आ रहे थे। महू के दूसरे क्षेत्रों में बंद का मिला-जुला असर नजर आया। दुकानें व अन्य संस्थान बंद रहे, लेकिन सब्जीमंडी खुली थी। रविवार रात हुए उपद्रव में 20 से ज्यादा दोपहिया वाहन जले है, जबकि छह कारों के कांच फोड़े गए है। तीन दुकानों में आग लगाने की कोशिश की गई। मुख्य मार्ग पर चूड़ी की एक दुकान पर जमकर पथराव हुआ। पत्तीबाजार और कोतवाली क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है।

## बुरा न मानों TRENDING है...

### एसपी साहब का इलू - इलू और लक्ष्मी प्रेम अभी भी शबाब पर...

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में पदस्थ एक एसपी साहब का इलू - इलू और लक्ष्मी प्रेम के किस्से अभी भी पुलिस मुख्यालय पहुंच रहे है। ऐसा इसलिए कि साहब का इश्क़ तो कई साल पुराना है, जिससे पर्दा पूर्व में भी उठ चुका है। लेकिन लक्ष्मी प्रेम ने तो उन्हें इतना मशगुल कर दिया है कि बस आने दो... बस आने दो... की तर्ज पर काम चल रहा है। वे अपने स्टाफ के सभी पुलिसकर्मी को वसूली का टारगेट देते है। इसके ठीक विपरीत इंदौर में पुलिस कमिश्नर एक ईमानदार आईपीएस अफसर संतोष सिंह हैं। हमारे अय्यार के सूत्रों का कहना है कि पुलिस कमिश्नर महोदय को उक्त एसपी साहब के इलू - इलू और लक्ष्मी प्रेम के गेम की जानकारी शायद नहीं है। वरना संतोष सिंह की टीम में कोई सेंधमारी नहीं कर सकता। वैसे सूत्रों का कहना है कि ड्रग्स कांड के मामले में भी इनकी संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है। आपको बता दे कि यह वहीं एसपी साहब है जो पूर्व में अपने कार्यालय में घंटों इश्क़बाजी करने तथा पुलिस की छवि खराब होने के चलते जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने हटाया था।

● अय्यार

**रोडमैप** | राज्यपाल के विधानसभा में अभिभाषण पर मुख्यमंत्री ने माना आभार

# राज्यपाल ने राज्य सरकार की नीति और नियत का रोड मैप किया है प्रस्तुत

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के विधानसभा में अभिभाषण पर उनका आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्यपाल पटेल ने राज्य सरकार की नीति और नीयत का रोड मैप प्रस्तुत किया है। मंगलवार को विधानसभा में विस्तार से चर्चा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत को समर्थ, सक्षम बनाते हुए सबका साथ-सबका विकास और सर्वजन सुखाय-सर्वजन हिताय के भाव को चरितार्थ करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनी गई हमारी सरकार, इस संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सत्र में अगले वित्तीय वर्ष का बजट आने वाला है, यह बजट जन भावनाओं के अनुरूप होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के साथ प्रदेश औद्योगीकरण तथा अन्य विकास गतिविधियों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के नए टाइगर रिजर्व का शुभारंभ चंबल क्षेत्र में हो रहा है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।






### कांग्रेस विधायक ने काला नकाब पहन किया प्रदर्शन

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। बजट सत्र की अवधि को लेकर कांग्रेस ने काला नकाब पहनकर गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। वहीं, अभिभाषण के बाद सदन ने चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर टीम इंडिया को बधाई दी। बजट सत्र 24 मार्च तक चलेगा। इसमें कुल नौ बैठकें आयोजित की जाएंगी। यह अब तक का सबसे छोटा बजट सत्र माना जा रहा है। सत्र की शुरुआत राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से हुई। इसके बाद विधानसभा में भारतीय क्रिकेट टीम की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत का भी जिक्र हुआ। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने चर्चा की शुरुआत करते हुए टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाया और हम सभी को गर्व महसूस हुआ। सदन की ओर से पूरी टीम को बधाई देता हूं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी भारतीय टीम की जीत पर बधाई दी।

# ऐशबाग के निलंबित टीआई गढ़वाल की मुश्किलें बढ़ीं

## परिवाद दायर, तीन पुलिसकर्मी हो चुके हैं निलंबित

**भोपाल।** ऐशबाग थाना पुलिस के दिन इस समय ठीक नहीं चल रहे हैं। फर्जी कॉल सेंटर संचालक और उसके रिश्तेदारों को प्रकरण में बचाने के आरोप में 25 लाख की घूसखोरी में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपी बनाए गए निलंबित थाना प्रभारी जितेंद्र गढ़वाल अब करीब डेढ़ महीने पहले एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार मामले में भी उलझते जा रहे हैं। मादक पदार्थ की तस्करी में आरोपी बनाए गए फरहान की पत्नी रेशमा ने भोपाल जिला अदालत में परिवाद दायर कर दिया है। इस मामले में थाने के तत्कालीन पुलिसकर्मियों से उसके पति और उससे पैसों के लेनदेन को लेकर हुई बातचीत का ऑडियो और कुछ वीडियो और सीसीटीवी फुटेज भी सौंपे हैं। भोपाल जिला अदालत में दायर यह परिवार ऐशबाग थाने के निलंबित टीआई गढ़वाल और फरहान से घूस लेने वाले और मांगने वाले तीन निलंबित पुलिसकर्मियों की मुश्किलें और बढ़ा सकता है। यह घटना जनवरी महीने के अंतिम दिनों और फरवरी माह के पहले सप्ताह के दौरान मीडिया की सुर्खियां बनी हुई थी। जानकारी के अनुसार फरहान की पत्नी रेशमा ने परिवाद में आरोप लगाए हैं कि उसके पति से दो लाख रुपये मांगे गए थे, नहीं देने पर उसके खिलाफ चरस तस्करी का झूठा प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### भमोडी में सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ ने ली बैठक



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** सेवानिवृत्ति कोयला खदान मजदूर संघ, की बैठक भमोडी में आयोजित की गई। बैठक में मेडिकल बिल और रिवाईज्ड पेंशन भुगतान को लेकर चर्चा की गई। वेकोलि पेच कन्हान के अध्यक्ष ललित सूर्यवंशी की अध्यक्षता में भमोडी बस स्टैंड में बैठक आयोजित की गई। सेवानिवृत्ति कामगारों को मेडिकल बिलों के भुगतान और रिवाइज्ड पेंशन भुगतान पर चर्चा की गई। चर्चा के पश्चात लगभग 20 सेवानिवृत्ति कामगारों के घर पर जाकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने उन्हें सदस्य बनाया । उनकी समस्याएं जानी। इस बैठक में ललित सूर्यवंशी, हीरालाल त्रिपाठी ,निर्मल राहा , अशोक डेहरिया ,अजय ध्यानी, कृष्णकांत बावरिया ,नरेश राठौर, मंसाराम यादव, सूर्यकांत ढोगे , सुभाष सक्सेना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उमरेठ मुजावर माल शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** उमरेठ के मुजावर माल में पुलिस ने सोमवार को पांच बजे शांती समिति की बैठक का आयोजन किया। बैठक में पर्व को शांतीपूर्वक मनाने के लिए नागरिकों ने सुझाव दिए और पुलिस ने दिशा निर्देश दिए। उमरेठ थाना प्रभारी विजय राव माहोरे के नेतृत्व में ग्राम मुजावर माल में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई। ,जिसमें त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाने की समझाईश दी गई। होलिका दहन रात बारह बजे तक कर लेने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत मुजावर माल के ग्राम पटेल रमेश यदुवंशी, उपसरपंच मोहन भट्ट, बाजेराव बॉक्सर, राजेश पटेल, हीरालाल बॉक्सर, ताराचंद बॉक्सर, महेंद्र कुमार चंदेल रोजगार सहायक, रामप्रसाद वायकर कोटवार, मनोज भादे, संदीप वायकर, उमरेठ थाना से सहायक उपनिरीक्षक नीतेश ठाकुर एवं प्रधान आरक्षक नारायण उईके उपस्थित रहे।

### न्यूटन पहुंचे निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के प्रेक्षक गोविन्द सिंह चौहान नगर परिषद न्यूटन चिखली पहुंचे। न्यूटन के वार्ड क्रमांक 04 में चल रहे गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य एवं शेष वार्डो के मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के प्राप्त दावा आपत्तियों का निरीक्षण किया गया। बी.एल.ओ. को आवश्यक निर्देश दिये गये । नायब तहसीलदार श्रीराम सूर्यवंशी को अपनी निगरानी मे कार्य कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये ।
संभागायुक्त श्री के.जी. तिवारी ने ग्राम दौड़ी में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

### पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने के दिए निर्देश, लापरवाही पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**बैतूल(मध्य स्वर्णिम)।** संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने सोमवार को बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ शाहपुर तहसील के ग्राम दौड़ी पहुंचकर पेयजल सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कई मामलों का त्वरित निराकरण भी किया गया। संभागायुक्त तिवारी ने ग्राम में उपलब्ध हैंडपंप और उनकी स्थिति के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों से आंगनवाड़ी संचालन तथा राशन वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। वहीं ग्रामीणों के समक्ष ही महिला एवं बाल विकास, खाद्य विभाग एवं विद्युत विभाग की भी समीक्षा की। संभागायुक्त और कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाए जाने का सकारात्मक प्रयास स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। ग्रामीण जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते नजर आए।

### संभागायुक्त तिवारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

**बैतूल(मध्य स्वर्णिम)।** संभागायुक्त नर्मदापुरम के.जी. तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यवस्थापन अधिकारियों के पास भारतीय वन अधिनियम की धारा 4 में अधिसूचित वनखंडो में धारा 5 से धारा 19 तक की कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने एसडीओ फॉरेस्ट और सम्बन्धित एसडीएम को आपसी समन्वय से ऐसे सभी प्रकरणों को समय सीमा निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर और वन मंडल अधिकारी भी सतत मॉनिटरिंग कर आरक्षित वन घोषित करने सम्बन्धी सभी कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसडीएम कार्यालय में उपलब्ध प्रकरणों को 20 मार्च तक निराकरण कराएं और शेष प्रकरणों को वन मंडल अधिकारी से प्राप्त कर उनका 5 अप्रैल तक निराकरण कराएं। संभागायुक्त तिवारी ने वन ग्राम/वन भूमि पर उप स्वास्थ्य केंद्र बनाएं जाने की अनुमति के प्रकरणों की समीक्षा की और वन मंडल अधिकारियों को स्वीकृति दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य जनकल्याण सम्बन्धी कार्यों की स्वीकृति में अनावश्यक देरी न हो।

## 8 अफसरों को नोटिस, 2 का वेतन काटा, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर सख्त शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर कार्रवाई

### टीएल बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने की सीएम हेल्पलाईन तथा निर्माण कार्यो की समीक्षा



**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विभागीय गतिविधियों तथा योजनाओं की प्रगति और निर्माण कार्यो की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शिकायतों के निराकरण में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना कर उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने विभागवार समीक्षा के दौरान डी ग्रेड में शामिल मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास के सहायक संचालक एसडी नागले पर नाराजगी व्यक्त कर आगामी एक सप्ताह में अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ग्रेडिंग सुधार के निर्देश दिए। वही समीक्षा के दौरान सहायक संचालक श्रीमती संगीता जायसवाल के बिना पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

#### कलेक्टर ने अधिकारियों को नोटिस के दिए निर्देश-

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले तथा बैठक से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने बिना अनुमति और बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने पर पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की सहायक संचालक श्रीमती संगीता जायसवाल तथा जिला योजना अधिकारी श्रीमती किस्मत साहनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इनके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने तथा गलत जानकारी देने पर कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत, विद्युत कम्पनी के डीईई पराग धावड़े,सिविल सर्जन,कार्यपालन यंत्री श्रीमती प्रतिभा सिंह को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

#### निर्माण कार्यो और योजनाओं की समीक्षा

टीएल बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, स्कूल शिक्षा सहित अन्य विभागों के निर्माण कार्यो और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सीएम राईज स्कूल भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और शहरी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को हितग्राहियों के आवासों का निरीक्षण करने और निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिपं सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर और जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीजी साइडिंग ईंट भट्टे में काम कर रहे मजदूर पर किया हमला, पैर और पीठ में आई चोट



**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।** रावनवाड़ा बाईपास पर बीजी साइडिंग में ईंट भट्टे पर काम कर रहे मजदूर पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले से मजदूर के पैर और पीठ में चोट आई है ।घटना सोमवार दोपहर की है। पुलिस ने पीड़ित का मुलाहजा परासिया अस्पताल में कराया ।

घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन सत्तु के ईंट भट्टे में काम करता है ।आज वह ईंट भट्टे पर ईंट बनाने का काम कर रहा था । इसी दौरान वहां पिंटू आया । पिंटू बीजी साइडिंग में निवास करता है। शराब पीकर आए दिन विवाद करने की उसकी शिकायत रहती है । उसने अर्जुन उईके के साथ विवाद शुरू कर दिया। इस बीच तीन-चार लोग और आगे और अर्जुन की पिटाई शुरू कर दी। फावड़े के डंडे से उसको पीटा गया। पीठ में बंधी चोट आई जबकि बाय पर में चोट लगने से खून निकला ।परासिया में डॉक्टर अनमोल चतुर्वेदी ने उसका मुलाहज किया पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि 2019 में अर्जुन के भाई का मर्डर हुआ था। इसमे कुछ लोग आरोपी थे। जो बाद में बरी हो गए। इससे अर्जुन के साथ पुरानी दुश्मनी है। इस विबाद को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

## अधिवक्ता संघ की चुनाव प्रक्रिया शुरू

### अध्यक्ष के लिए पहले दिन सूर्यकांत तारण ने जमा किया नाम निर्देशन पत्र



**परासिया।** परासिया अधिवक्ता संघ के लिए चुनाव प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई। आज नाम निर्देशन पत्र जमा करने के लिए पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए एक नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत तारण ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। अन्य पदो के लिए एक भी नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं हुआ। चुनाव अधिकारी संतलाल यादव, सहायक निर्वाचन अधिकारी हेमंत सोनी, संध्या सूर्यवंशी, विकास राय ने बताया कि अध्यक्ष के लिए सोमवार को तीन बजे तक एक नाम निर्देशन पत्र जमा हुआ। उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, ग्रंथपाल, कार्यकारिणी सदस्य के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा नहीं हुए। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आठ मार्च तक कर दिया गया। सोमवार से नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। बारह मार्च को सुबह साढे दस से तीन बजे तक नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा सकेंगे।

17 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की संविक्षा की जाएगी। 18 मार्च नाम वापसी की तिथी रहेगी। अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन इसी दिन होगा।

## पेंचवेली कालेज में छिंदवाडा के साहित्याकारों पर हुआ व्याख्यान

### वक्ताओं ने साहित्यकारों की रचनाओं और शैली पर बात की

**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।** खिरसाडोह में पेंचवेली कालेज मे जिले के साहित्याकारों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने जिले के साहित्यकारों पर अपनी बात रखी। साहित्याकारों की रचनाएं और उनकी शैली पर वक्तव्य दिया गया।

हिंदी विभाग एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में छिंदवाड़ा जिले के प्रमुख साहित्यकारों पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया । विषय विशेषज्ञ डॉ.सागर भनोत्रा ने लीलाधर मंडलोई पर व्याख्यान दिया।

दिनेश भट्ट , हनुमंतमनघटे, विष्णु खरे गोवर्धन यादव ,संपत राव धरनी धर राव के भी व्यक्तित्व एवं कृतित्व से छात्र छात्राओं को परिचित कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अशोक.



बरासिया , प्रभारी डॉ. नीलेश मेश्राम , हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो. अमिता ब्यौहार , डॉ.ख्याति सोनी ने छिंदवाड़ा जिले के साहित्यकारों का संक्षिप्त परिचय कराया। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.एस .व्ही के.सिंग डॉ.योगेश अहिरवार प्रो.भगवंत राव कराडे , कार्तिक चौरसिया एवं समस्त छात्र छात्राओं का योगदान रहा।

## जिला अस्पताल में 24 घंटे खुला रहता है,निशुल्क औषधि वितरण केंद्र

**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।** दवाइयों की जरूरत किसी को भी और कभी भी हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए, जिला अस्पताल के सरदार वल्लभ भाई पटेल निशुल्क औषधि वितरण केंद्र को सातों दिन चौबीसों घंटे खोला जाता है। इससे मरीजों को दवाइयों के लिए परेशान नहीं होना पड़ता।

अवकाश का दिन हो या रात का समय, हर समय जिला अस्पताल से आम लोगों के लिए दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे उन्हें बड़ी राहत मिलती है। खासकर बीपी, शुगर और हार्ट के मरीजों को अचानक दवाइयों की जरूरत पड़ जाती है। इस तरह से हर




स्थिति में जिला अस्पताल के औषधि केंद्र द्वारा दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। नजदीकी जिला विदिशा जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में औषधि वितरण केंद्र ओपीडी के समय पर ही खोला जाता है।

इस समय के अलावा औषधि वितरण केंद्र बंद रहता है। अवकाश के दिन भी औषधि वितरण केंद्र बंद रहता है। आम लोगों को ओपीडी के समय पर ही औषधि वितरण केंद्र से दवाई मिल पाती है।

#### तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी

जिला अस्पताल में निशुल्क औषधि वितरण केंद्र में 8 कर्मचारी के जिम्मे औषधि केंद्र जिला अस्पताल में जो औषधि केंद्र चौबीसों घंटे और सातों दिन संचालित किया जाता है, उसके लिए 8 कर्मचारियों की टीम तैनात की गई है। तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी औषधि वितरण केंद्र पर लगाई जाती है। औषधि वितरण केंद्र प्रभारी सुचि ठाकुर, ब्रजेश सोलंकी, पर्वत भदौरिया,राम किरार, रंजना मार्को, रोहित रघुवंशी,शुभम गुप्ता और सुलभ दुबे शामिल हैं। इनमें से कोई न कोई कर्मचारी औषधि वितरण केंद्र पर मौजूद रहता है।

## प्लाट पर मकान बनाने पर पड़ोसियों ने की मारपीट, लोगों ने अस्पताल में किया हंगामा

**रायसेन।** शहर के पटेल नगर वार्ड क्रमांक 14 में मकान बनाने को लेकर दो पड़ोसियों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। इस मारपीट के बाद घायल लोगों ने जिला अस्पताल के सामने सड़क पर विरोध स्वरुप जाम लगा दिया। जानकारी लगते ही कोतवाली थाना प्रभारी संदीप चौरसिया पुलिस बल के साथ मौके पर



पहुंचे और जाम लगा रहे लोगों को रोड से हटाया। रोड से हटने के बाद भी घायल लोग जमकर हंगामा करते रहे। पुलिसकर्मी घायलों से पहले इलाज करवाने के लिए मनाते रहे, लेकिन वे आरोपियों पर कार्रवाई करने के साथ ही उन्हें तुरंत गिरफ्तार करने की जिद पर अड़े हुए थे। यह है पूरा मामला पटेल नगर निवासी घायल कमला बाई उपाध्याय ने बताया कि उन्होंने मोहल्ले में एक प्लाट खरीदा है, जिस पर वे भवन का निर्माण कर रहे है, लेकिन वहां पर रहने वाले देवीराम, नन्हे, लेखराम और मोंटी ने उसके पति और बेटे के साथ मारपीट की है, जब वह बचाने के लिए पहुंची तो उन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ दिए। कोतवाली थाना प्रभारी संदीप चौरसिया ने बताया कि प्लाट को लेकर विवाद में मारपीट हुई है। प्रकरण दर्ज किया जा रहा है।

## सीएम हेल्पलाईन पर शिकायतों का समाधान के लिए कलेक्टर किया, समाधान ऑनलाईन 1.0 कार्यक्रम

### टीएल में शिकायतकर्ता की उपस्थिति में संबंधित अधिकारियों से ली जानकारी, सहायक यंत्री को एससीएन जारी करने के निर्देश

**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।** जिला स्तर पर सीएम हेल्पलाईन से प्राप्त होने वाली शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण में प्रगति लाने के उद्देश्य से कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा जिला स्तरीय समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम 1.0 प्रारंभ किया गया है।

इसी क्रम में सोमवार को टीएल बैठक के दौरान प्रथम जिला स्तरीय समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा द्वारा चयनित सीएम हेल्पलाईन के शिकायतकर्ताओं से समक्ष में



संवाद कर वस्तुस्थिति जानी और संबंधित अधिकारियों से अभी तक निराकरण नहीं होने का कारण जानते हुए कार्रवाई की। जिला स्तरीय समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम 1.0 अंतर्गत चयनित विभागों की 193 शिकायतें चिन्हित की गई जिनमें से 92 शिकायतों का चिन्हांकन उपरांत संतुष्टिपूर्ण निराकरण हो गया। शेष शिकायतों में से सात शिकायतें समाधान ऑनलाईन हेतु चिन्हांकित कर संबंधित शिकायतकर्ताओं तथा अधिकारियों को सोमवार को टीएल में बुलाया गया था। इन सात चिन्हित शिकायतों में से स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मांगीलाल तथा श्रम विभाग से संबंधित प्रकाश सिंह की शिकायत का टीएल से पूर्व ही संतुष्टिपूर्ण निराकरण हो गया।

## भारत की जीत पर शहर में मनाया जश्न, लोगों ने की आतिशबाजी मनाई खुशियां





**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।** चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम ने फाइनल मैच में न्यूज़ीलैंड पर जीत दर्ज कर अपना लगभग 25 साल पुराना हिसाब चुकता कर लिया है तो वहीं टीम इंडिया ने देशवासियों को एक बार फिर होली से पहले दिवाली मनाई। रविवार की देर रात शहर में क्रिकेट प्रेमियों ने सांची रोड़ भारत माता चौराह और भोपाल सागर तिराहे,गोपालपुर वायपास, सागर तिराहे और प्रेसीडेंसी कॉलेज के पास जीत के बाद जश्न का मानाया और आतिशबाजी की। जुलूस निकालकर टीम इंडिया को जीत की बधाई दी और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी जाहिर की। शहर के विभिन्न स्थानों पर लगी बड़ी स्क्रीन पर लोगों ने फाइनल मैच का आनंद लिया। जुलूस निकालकर होली से पहले ही दिवाली जैसा माहौल बना दिया। जीत के जश्न के बीच थाना कोतवाली पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। एसडीओपी प्रतिभा शर्मा और थाना प्रभारी संदीप चौरसिया पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से जश्न मनाने की अपील की।

फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से शुरू होकर सागर तिराहे, महामाया चौक और इंडियन चौराहा होते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरा। एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर में पुलिस अलर्ट है।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### मकान में भीषण आग लगने से 75 वर्षीय वृद्ध की जलकर मौत

**फिरोजाबाद।** बीती रात फिरोजाबाद के थाना उत्तर क्षेत्र स्थित मोहल्ला दुली में एक तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 75 वर्षीय विनोद अग्रवाल की जलकर मौत हो गई, जबकि उनके परिवार के अन्य सदस्य किसी प्रकार से सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे।
आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत की। आग लगने का कारण पटाखे की चिंगारी बताई जा रही है, हालांकि पुलिस और दमकल विभाग इसकी सटीक वजह का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं। इस मकान में रहने वाले लोग जब सोने की तैयारी कर रहे थे उसी दौरान अचानक उठीं आग की लपटें देखकर लोग दहशत में आ गए। मकान में आग की जानकारी कंट्रोल रूम को दी गयी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और मकान में फंसे लोगों को बाहर निकाला।मकान मालिक विनोद अग्रवाल बाहर नहीं निकल सके जिससे जिंदा जलकर उनकी मौत हो गयी।

### मध्यप्रदेश के तीन ताप विद्युत गृहों को फ्लाई ऐश के कुशल प्रबंधन के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल)के सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन करने के लिए फ्लाई ऐश उपयोगिता-2025 विषय पर गोवा में आयोजित 14 वें अन्तर्राष्टीय आवासीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। तीनों विद्युत गृह के अभियंताओं को यह पुरस्कार पूर्व केन्द्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने प्रदान किया। यह अन्तर्राष्टीय सम्मेलन गैर लाभकारी संगठन मिशन एनर्जी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में एनटीपीसी, विभिन्न राज्यों की पॉवर यूटिलिटी व निजी पॉवर यूटिलि ?टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विद्युत गृहों से निकलने वाली फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पुरस्कार के लिए तीनों ताप विद्युत गृह के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने फ्लाई ऐश के बेहतर प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर प्रयास और प्रतिबद्धता के माध्यम से जो मील का पत्थर स्थापित किया है, यह उपलब्धि न केवल पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास की मिसाल भी है।

### दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य यात्रा आयोजित, सार्वजनिक स्थानों की पहुँच सुविधाओं का अवलोकन

**भोपाल।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, नई दिल्ली एवं आयुक्त नि :शक्तजन, मध्यप्रदेश के निर्देशन में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के अंतर्गत भोपाल जिले के 50 दिव्यांग बच्चों को सार्वजनिक उपयोग के भवनों में सुगम्य एवं बाधारहित आवागमन का अवलोकन कराया गया। साथ ही उपस्थित आमजन को सुगम्य वातावरण की आवश्यकता के प्रति संवाद कर जागरूक किया गया। यात्रा के दौरान, गूगल स्टोर एवं एप्पल स्टोर पर उपलब्ध "Yes to Access" एप के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों की वास्तविक पहुँच सुविधाओं की तस्वीरें अपलोड करने की प्रक्रिया को भी समझाया गया। यह सुगम्य यात्रा 07 मार्च 2025 को आयोजित की गई।
यात्रा की शुरुआत आई.एस.व्ही.टी. नगर पालिक निगम, भोपाल से प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली पोंक्षे वायंगणकर, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। इस दौरान, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, अरेरा हिल्स, भोपाल में बैंक मैनेजर कुलकर्णी एवं उनके सहयोगियों द्वारा दिव्यांगजनों को बैंकिंग सेवाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इसमें आहरण-वितरण, नोटों की पहचान एवं लेन-देन से जुड़ी सुविधाएँ शामिल थीं। इसके पश्चात, नगर निगम में हरसित तिवारी एवं उनके सहायकों ने दिव्यांगजनों को नगर निगम की गतिविधियों एवं पेंशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। नगर पालिक निगम, आई.एस.व्ही.टी. से सहायक सचिव सुअंकिता धाकडे द्वारा झंडी दिखाकर सुगम्य यात्रा को आगे बढ़ाया गया। यात्रा के अगले पड़ाव में, डी.बी. मॉल में तरूण द्वारा दिव्यांगजनों को मॉल की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई और स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई।

# सांई स्पोर्ट्स अकादमी में महिला सहित दो सफाईकर्मियो ने फिनाइल पिया

## नौकरी से निकाले जाने से थे दुखी, महिला की हालत नाजुक



**भोपाल।** भोपाल की रातीबढ़ इलाके में बनी सांई स्पोर्ट्स अकादमी में नौकरी से निकाले जाने से दुखी महिला सहित तीन अन्य कर्मचारियो द्वारा फिनाइल पीकर आत्महत्या का प्रयास किये जाने की घटना सामने आई है।

उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि सफाईकर्मियों की आज सुबह प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक थी। वह आउट सोर्स कर्मचारी हैं। बताया जा रहा है, कि पॉचो बीते कई सालो से यहॉ काम कर रहे थे, उन्हें अचानक नौकरी से निकाला गया है। इसी से दुखी होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। फिनाइल पीने वाले महिला और पुरुष दोनों को जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सफाईकर्मियों का आरोप है, कि नौकरी बनाए रखने के ऐवज में उनसे रुपयों की मांग की जा रही थी। मिली जानकारी के अनुसार गोरा गांव स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण के साईं स्टेडियम स्थित दफ्तर में सोमवार की सुबह प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों को नौकरी से संबंधित बात करने के लिए बुलाया था। बैठक के दौरान ही पांच सफाई कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। नौकरी से निकाले जाने वालों में सफाईकर्मियों का सुपरवाईजर भी था। बैठक के तुरंत बाद ही प्राधिकरण के दफ्तर में ही एक महिला समेत दो सफाईकर्मियों ने फिनाइल पीकर खुदकुशी की कोशिश की। उन्होंने जैसे ही फिनाइल पीया वैसे ही साथी सफाईकर्मी उन्हें फौरन ही इलाज के लिये जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उनका उपचार जारी है। महिला नीतू पति राजू लोहट की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

नीतू और उसका पति बीते 18 सालो से यहॉ काम कर रहे है। सूत्रों के अनुसार सफाई कर्मचारियों ने खेल प्राधिकरण के निदेशक व दो अन्य अधिकारियों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि तीन महीने पहले उन्हें नौकरी पर बनाए रखने के एवज में उनसे रकम की मांग करते हुए पैसा न देने पर उनको नौकरी से निकाल दिए जाने की धमकी दी गई थी। इसी संबंध में सोमवार सुबह बैठक आयोजित की गई थी। प्रबंधन की ओर से महिला और उसके पति सहित सुरेश फकीरा सहित प्रदीप और गणेश राम को नौकरी से निकाले जाने की सूचना दी। जैसे ही सफाईकर्मियों को यह जानकारी लगी वह काफी दुखी हो गए। इसके बाद नीतू और सुरेश ने वाशरूम में जाकर वहां रखा फिनायल पी लिया। नीतू की हालत नाजुक है, जिसे में रखा गया है।

बताया गया है की सभी कर्मचारी गोरेगांव व अन्य इलाकों के रहने वाले और बीते कई सालो से खेल प्राधिकरण के दफ्तर में काम कर रहे हैं। नौकरी से निकाले गये कर्मचारियो द्वारा फिनाइल पीने को लेकर अन्य कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया और उन्होनें अकादमी में जमकर हंगामा किया। घटना को लेकर खबर लिखे जाने ति रातीबढ़ पुलिस का कहना था, कि थाने में घटना की सूचना नहीं है।

## थाना अयोध्यानगर में पुलिस ने ऑन लाईन क्रिकेट सट्टा का किया पर्दाफास

### आरोपियों से ऑन लाईन सट्टा में प्रयुक्त लेपटॉफ, डेस्क टॉप, 05 मोबाइल बरामद



**भोपाल।** पुलिस उपायुक्त जोन-02 डॉंक्टर संजय कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के निर्देशन में अति.पुलिस उपायुक्त महावीर सिंह मुजाल्दे के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त एम.पी.नगर संभाग अक्षय चौधरी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरीक्षक महेश लिल्हारे के नेतृत्व मे गठित टीम ने 02 ऑन लाईन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले पिता-पुत्र को पकडकर ऑन लाईन सट्टा की कार्यवाही का खुलासा करते हुये ऑन लाईन क्रिकेट सट्टा में प्रयुक्त सामग्री लगभग 03 लाख रूपये का मशरूका बरामद करने में सफलता प्राप्त की हैं।

चैंपियन्स ट्राफी फाईनल में भारत विरूद्ध न्यूजीलैण्ड मैच के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि म.न. एच.आई.जी.-27 जे-सेक्टर अयोध्यानगर भोपाल में ऑन लाईन क्रिकेट सट्टा खिलवाया जा रहा हैं। उक्त सूचना पर वरिष्ट अधिकारियों के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम द्वारा मौके पर रेड की गयी जिसमें पिता-पुत्र कमरे में लेपटॉफ व स्क्रीन लगाकर 05 मोबाइल की मदद से ऑन लाईन क्रिकेट सट्टा खिलवाते मिले।

जिस पर मौके से ऑन लाईन सट्टा में प्रयुक्त एक पर्सनल कम्प्यूटर डेक्सटॉप डेल कंपनी का, 05 मोबाईल फोन तथा एक एल.ई.डी. टी.व्ही. मौके से जप्त की गयी तथा आरोपी कमल गंगवानी व प्रतीक गंगवानी का कृत्य अपराध धारा 4(डु) सट्टा एक्ट का पाया जाने से आरोपीगणों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 135/2025 धारा 4(डु) सट्टा एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया ।

## इलाज कराने गये वृद्ध की कार पेड़ से टकराई, मौत

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना इलाके में एक कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार चला रहे 90 साल के वृद्व गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहॉ उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने बताया कि पंचवटी कॉलोनी निशातपुरा निवासी प्रभुलाल विश्वकर्मा बीती 28 फरवरी को ग्राम रायपुर में एक डॉक्टर के पास अपने इलाज के सिलसिले में कार से गए थे। वह कार खुद ही चलाते थे। डॉक्टर से मिलने के बाद वह कार से वापस निशातपुरा अपने घर लौटने के लिए ग्राम रायपुर से निकले थे। रात करीब 10 बजे रायपुर गांव से निकलते ही अचानक उनकी कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ में जा घुसी।

## सभी शासकीय स्कूलों में आयोजित करें नेत्र परीक्षण शिविर

### खरीफ फसल उपार्जन के लंबित भुगतान शीघ्र करें : संभागायुक्त श्री सिंह

**भोपाल।** संभागायुक्त संजीव सिंह ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय स्कूलों में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कराया जाए। सिंह ने शिक्षा एवं स्वास्थ विभाग को समन्वय कर सम्बन्धित अधिकारियों की ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिए। सिंह ने खरीफ उपार्जन के लंबित भुगतान को शीघ्र करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त सिंह ने सोमवार को कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में संयुक्त आयुक्त विनोद यादव, राजस्व उपायुक्त श्रीमती किरण गुप्ता एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में समय-सीमा अंकित पत्रों का निराकरण? करने तथा आगामी बैठक में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। संभागायुक्त सिंह ने आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के लिए चिन्हित सीएम हेल्पलाइन विषयों पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश।



संभागायुक्त सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों निर्माण कार्यों के भौतिक सत्यापन एवं समय-सीमा में निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त सिंह ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 साल एवं उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ सभी को प्रदान करने एवं प्रगति की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिए।

## जीएमसी भोपाल में मेडिकल छात्राएं सीखेंगी जूडो-कराटे, छात्राएं मानसिक और शारीरिक रूप से होंगी मजबूत

**भोपाल।** राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रही छात्राएं अब जूडो कराटे की ट्रेनिंग भी लेंगी। इन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए जीएमसी ने नई पहल की है। सोमवार से चिकित्सा छात्राओं की सेल्फ डिफेंस क्लास शुरू हुई। इसका शुभारंभ पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्रा ने किया।

यह पहला बैच है, जिसमें महाविद्यालय में पढ़ने वाली लड़कियों को जूड़ो कराटे की क्लास लगेगी। कॉलेज का कहना है कि इसकी पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। पिछले महीने जीएमसी ने यह मसौदा तैयार किया था। जिस पर सोमवार से अमल शुरू हो गया है। जीएमसी डीन डॉ कविता सिंह ने बताया कि चिकित्सा छात्राओं को यह गुर सिखाना बहुत जरूरी है। क्योंकि अध्यापन के साथ-



साथ इन्हें मेडीकल प्रेक्टिस करनी पड़ती है। इस तनाव से निपटने के साथ-साथ छात्राएं कैसे अपनी आत्मरक्षा कर सकती हैं। इन्हीं बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए इन्हें सेल्फ डिफेंस का कोर्स प्रारंभ किया

निरंतर पढ़ाई के तनाव में दबी चिकित्सा छात्राओं का जूडो-कराटे की विद्या में कौशल बढ़ाया जाएगा।

### आत्मरक्षा के लिए कुशल होंगी छात्राएं

जानकारी के मुताबिक गांधी मेडीकल कॉलेज कैंपस में इन्हें शिफ्टो में कक्षावार जूडो-कराटे सिखाया जाएगा। अगर यहां जगह कम पड़ी को कॉलेज की छत पर भी क्लास लगाई जाएगी। अधिकारी कहते हैं कि प्रारंभिक दौर में सप्ताह में दो दिन कॉलेज छात्राओं को इस विद्या में माहिर बनाया जाएगा। टीचरों का कहना है कि जूडो कराटे से छात्राएं शारीरिक श्रम करेंगी तो वह तन मन से मजबूत रहेंगी। यह एक ऐसा ज्ञान है, जिसके गुर हासिल कर स्टूडेंट अपराधिक तत्वों से अपनी आत्मरक्षा कुशलता और निपुणता के साथ कर सकती हैं। मानसिक तनाव से होने वाली आत्महत्याओं की घटनाएं रोकी जा सकेंगी। छात्राएं नकारात्मक भावों को कुचलते हुए सकारात्मक सोच की दिशा में कदम रखेंगी।

# पूर्व मुख्य सचिव के करीबी सौरभ अग्रवाल के ठिकानो पर आई टी की रेड

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में आयकर विभाग की टीम ने आय से अधिक संपत्ति की शिकायत और टैक्स चोरी के मामले में सोमवार को सौरभ अग्रवाल के चूना भट्टी स्थित अल्फा कम्युनिकेशन और परफेक्ट सॉल्यूशंस के कार्यालयो पर रेड मारते हुए आयकर सर्वे शुरू किया है।

टैक्स चोरी के मामले में जांच के दायरे में आए कारोबारी सौरभ अग्रवाल को पूर्व मुख्य सचिव का नजदीकी बताया जा रहा है। कार्यवाही शुरू होने के बाद आयकर अफसरों की टीम दस्तावेजों और नकदी व जेवरात की पड़ताल शुरु कर दी है।




इसके साथ ही टीम सौरभ के कर्मचारियों से भी दस्तावेजों की पड़ताल के लिए पूछताछ कर रही है। आयकर विभाग की छानबीन में सौरभ के ठिकानों पर करोड़ों रुपए की कर चोरी उजागर होने की संभावना जताई जा रही है।

बताया जाता है, कि सौरभ अग्रवाल पूर्व मुख्य सचिव का करीबी भी है, जिनके लिए वह काम करता रहा है। इसके साथ ही उसके कई बड़े नेताओं और अफसरों से भी खासे संपर्क हैं। सूत्रो का कहना है की इन सफेदपोशो की अघोषित आय का उपयोग सौरभ अपने कारोबार में कर रहा था।

## जेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस पर स्वास्थ्य संस्थाओं में हुए जागरूकता कायक्रम

### गर्भावस्था में अनियंत्रित डायबिटीज, मां और बच्चे के लिए बन सकती है बड़ा खतराः सीएमएचओ



**भोपाल।** जीडीएम दिवस के अवसर पर सोमवार को जेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस के प्रति जागरूकता के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता एवं जीडीएम स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया गया।

जिसमें गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को जीडीएम जांच एवं गर्भावस्था में शीघ्र पंजीयन करवाने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। मातृ एवं शिशु रोग रुग्णता के कारणों में जेस्टेशनल डायबिटीज मेलाइटिस एक गंभीर समस्या है। जिससे मां एवं शिशु के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

जीडीएम कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं की जांच गर्भ काल में एएनसी चेकअप के दौरान न्यूनतम दो बार की जानी आवश्यक होती है। प्रथम जांच पंजीयन के समय एवं द्वितीय जांच 24 से 28 सप्ताह के भीतर की जाती है। जांच में गर्भवती महिला को 75 ग्राम ग्लूकोस 300 मिलीलीटर पानी में घोलकर पिलाया जाता है। घोल पीने के 2 घंटे पश्चात ग्लूकोमीटर द्वारा ब्लड शुगर की जांच की जाती है। स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित परामर्श सत्रों में बताया गया कि जेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस वह अवस्था होती है जिसमें गर्भावस्था में पहली बार खून में बढ़ी हुई शुगर का पता चलता है या पहली बार गर्भावस्था में खून में शुगर बढ़ जाती है। गर्भावस्था में शारीरिक एवं हार्मोनल परिवर्तन के कारण शरीर शुगर का इस्तेमाल सामान्य रूप से नहीं कर पाता है, इसकी वजह से खून में शुगर का स्तर बढ़ जाता है। यह मां और गर्भ में शिशु के लिए हानिकारक होता है।

महिला को गर्भवती होने का पता चलते ही आशा कार्यकर्ता अथवा स्वास्थ्य कर्मी से संपर्क कर अपना पंजीयन एवं जांच आवश्यक रूप से करवानी चाहिए। जीडीएम जांच की सुविधा जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों में निशुल्क उपलब्ध है।

# भोपाल के 5 स्थानों पर मियावाकी तकनीक से विकसित किए जाएंगे जंगल

### कलेक्टर ने दिए सभी विभागों को टारगेट

**भोपाल।** भोपाल जिले में मियावाकी तकनीकी से जंगल विकसित किए जाएंगे। इसे लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आगामी समय में वृक्षारोपण के लिए स्थानों के चयन को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागों के लिए वृक्षारोपण के टारगेट के अनुरूप स्थानों का चयन किया गया। तयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

भोपाल जिले में ग्राम पंचायत फंदा एंव जनपद पंचायत बैरसिया में लगभग 121 स्थानों पर लगभग 50 हजार से अधिक एवं नगर निगम भोपाल द्वारा 7 से 8 स्थानों पर लगभग डेढ़ लाख से अधिक पौधारोपण किया जाएगा। जिसके




अंतर्गत ग्राम कजलीखेड़ा, आदमपुर छावनी लैंड फिल साइट, जंबूरी मैदान, बीएचएचईएल प्लांटेशन साइट की गैप फिलिंग, कलियासोत नदी के किनारे दोनो तरफ, कैरिया कॉलेज के पीछे, सूरज नगर, बड़ा तालाब, छोटा तालाब के समीप, एयरपोर्ट क्षेत्र में, पक्षी विहार काली बाड़ी, बरखेड़ा पठानी, भानपुर नाले से लगकर, छोटा तालाब डांडी पार्क, प्रियदर्शिनी पार्क, लहारपुर डेम के पास, चिरायु के सामने भैसाखेड़ी एवं पुलिस ट्रेनिंग अकेडमी भौंरी कान्हा सैंया में वृक्षारोपण किया जाएगा।

सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से भोपाल जिले में मियावाकी तकनीकी से जंगल विकसित किए जाएंगे। बैठक में राम आस्था मिशन फाउंडेशन के द्वारा भोपाल जिले के 5 स्थानों पर मियावाकी तकनीक से घने जंगल विकसित करने के लिए भोपाल एयरपोर्ट क्षेत्र कलिया सोत, केरवा डेम, बैरसिया की ग्राम पंचायत बर्रीखेड़ा एवं सूखी सेवनिया की गौशालाओं के स्थान का चिन्हांकन किया गया है।

आस्था फाउंडेशन के द्वारा मियावाली तकनीकी के इंडियन वर्जन के अंतर्गत शहर के गीले कचरे, तालाब से निकलने वाली जल कुंभी, मंदिरों से निकलने वाले फल-फूलों के वेस्ट, गौशालाओं के जैविक खाद मृत पशुओं के शरीर का उपयोग कर जंगल विकसित किए जाएंगे। आसान भाषा में समझें तो मियावाकी तकनीक एक छोटी सी जगह में जंगल उगाने का बेहतरीन तरीका है।

## पीटीआर आई द्वारा 15 मार्च तक चलाया जा रहा है विशेष अभियान

### उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन को रोकने के लिए पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 01 मार्च से शुरू होकर 15 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगा, जिसके तहत निजी वाहनों में हूटर, वाहन के ऊपर फ्लैश लाइट (लाल, पीली, नीली बत्ती), VIP स्टीकर चस्पा करने एवं गलत नंबर प्लेट का उपयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में आम नागरिकों की सहभागिता को ध्यान में रखते हुए एक एंड्रॉइड मोबाइल नंबर 7587647905 जारी किया गया है। नागरिक इस नंबर पर गलत तरीके से मॉडिफाइड वाहनों की तस्वीरें और संबंधित जिले का विवरण भेज सकते हैं, जिससे संबंधित जिलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस नंबर को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान में भाग ले सकें और यातायात नियमों के उल्लंघन की सूचना दे सकें।
प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग करें और यातायात नियमों के उल्लंघन की सूचना पीटीआरआई, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को भेजें। इस मुहिम का उद्देश्य यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराना एवं सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाना है।

# राज ठाकरे के गंगा जल वाले बयान पर सभी खामोश क्यों

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे, जो हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे के भतीजे हैं, उन्होंने एक विवादित बयान देकर देशभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। राज ठाकरे की पार्टी के एक नेता बाला नंद गांवकर महाकुंभ में गंगा स्नान करने के लिए गए थे। उन्होंने संगम तट पर डुबकी लगाई। वहां से गंगाजल लेकर वह वापस लौटे थे। पुणे में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस पर उन्होंने राज ठाकरे को गंगाजल सौंपते हुए कहा, यह गंगा का पवित्र जल है। इस पर राज ठाकरे ने सार्वजनिक रूप से बयान देते हुए कहा, वह इस गंदे पानी को छू भी नहीं सकते हैं। गंगाजल पीने की बात तो बहुत दूर की है। राज ठाकरे ने कहा संगम तट पर करोड़ों लोगों ने स्नान किया है। वहां का पानी कैसे साफ रह सकता है। उन्होंने कोरोना महामारी की याद दिलाते हुए कहा, लोग अपने पापों का प्रायश्चित करने के लिए प्रयागराज गंगा में स्नान करने के लिए गए थे। क्या गंगा में डुबकी लगाने से वह अपने पापों से मुक्त हो सकते हैं। करोड़ों लोगों ने जिस तरह से गंगा में स्नान किया है। जिस तरह संगम तट पर शरीर को मलमल कर नहाया है। उसके बाद वहां का पानी कैसे साफ रह सकता है। उन्होंने गंगा की सफाई से मामले को जोड़ते हुए कहा, जब केंद्रीय एजेंसी कह रही है, गंगा का पानी बहुत दूषित हो चुका है, तब मैं इस पानी पर कैसे विश्वास कर लूं। कौन इस गंदे पानी का आचमन करेगा। राज ठाकरे यहीं नहीं रुके। उन्होंने यह भी कह दिया, हमारे देश की कोई भी नदी साफ नहीं है। हम नदियों को मां का दर्जा देते हैं, लेकिन हम नदियों में जाकर कपड़े धोते हैं, स्नान करते हैं और नदियों में गंदगी बहाते हैं। ऐसे में कोई भी नदी साफ रह ही नहीं सकती है। उन्होंने यह कहकर हिंदू आस्था का मजाक उड़ाया। हम हिंदू नदियों को मां का दर्जा देते हैं। और उन्हीं में सबसे ज्यादा गंदगी फैलाते हैं। विदेश की नदियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा विदेशी लोग नदी को अपनी माता नहीं मानते हैं, लेकिन वो नदियों की साफ-सफाई पर पूरा ध्यान रखते हैं। वहां की सारी नदियां सुरक्षित हैं, उनका पानी भी बिल्कुल शुद्ध है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, राजीव गांधी के जमाने से गंगा साफ होगी, यह सुनते हुए आ रहे हैं। फिल्म कलाकार राज कपूर ने गंगा की सफाई पर एक फिल्म भी बनाई थी। राम तेरी गंगा मैली हो गई। यह भी कई दशकों से सुनते आ रहे हैं। उसके बाद भी गंगा साफ नहीं हो पाई है। उन्होंने यह भी कहा, उन्होंने कोई पाप नहीं किया है। इसलिए वह गंगा में पाप धोने के लिए भी नहीं गए। जो लोग पाप करते हैं, वही गंगा में डुबकी लगाने जाते हैं। इस तरह का बयान यदि राज ठाकरे के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दिया गया होता तो सारे देश में हिंदू आस्था को लेकर बड़ा बवाल मचना तय था। राज ठाकरे जो ना तो किसी विधानसभा के सदस्य हैं, ना संसद सदस्य रहे हैं। महाराष्ट्र में उन्हें बालासाहेब ठाकरे के बाद सबसे तेज तर्रार नेता के रूप में जाना जाता है। वह बिना किसी डर और भय के अपनी बात कहने के लिए जाने जाते हैं। गंगा नदी और हिंदू आस्था का यह अपमान महाराष्ट्र के अंदर राज ठाकरे द्वारा किया गया है। इसके बाद भी देश भर में इस बयान को लेकर जिस तरह से भाजपा और संघ ने चुप्पी साध रखी है, वह सभी को आश्चर्यचकित कर रही है। राज ठाकरे ने कहीं से भी हिंदू धार्मिक आस्थाओं का ध्यान नहीं रखा। उल्टे उन्होंने गंगा स्नान करने वालों को पापी बता दिया। केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड की महाकुंभ के दौरान जो जाँच रिपोर्ट आई है, उसमें संगम तट के पानी को सबसे प्रदूषित पानी बताया गया था। उसमें मल-मूत्र होना भी पाया गया था। राज ठाकरे ने कहा ऐसे पानी को वह छू भी नहीं सकते हैं। नहाने की बात तो बहुत दूर की बात है। राज ठाकरे के इतने आपत्तिजनक बयान के बाद भी महाराष्ट्र और देश के हिंदुओं में किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं होना, सबको आश्चर्यचकित कर रहा है। जो सच है, सार्वजनिक रूप से बोलने में राज ठाकरे ने कोई कोताही नहीं बरती। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कट्टरवादी हिंदू पार्टी है। बाबरी मस्जिद के विध्वंस की जिम्मेदारी भी शिव सैनिकों ने ली थी। उन्हीं राज ठाकरे ने गंगा मैया में डुबकी लगाने से सभी पापों का नाश होता है, उसका मजाक उड़ाया है। गंगा के पवित्र जल से सभी हिंदू आस्था के साथ हवन पूजन इत्यादि के कार्यक्रम शुरू होते हैं। गंगाजल से भगवान का अभिषेक होता है। उस गंगाजल के बारे में राज ठाकरे की यह प्रतिक्रिया निश्चित रूप से हिंदू आस्था पर ठेस पहुंचाने वाली है। बात-बात में हिंदू आस्था की बात करने वाले संघ, उसके सहयोगी संगठन, भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद का मौन समझ से परे है। यह भी ऐसे अवसर पर जब उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है, प्रयागराज तट पर 66 करोड लोगों से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम तट पर स्नान किया है। राज ठाकरे ने कहा है, जब इतने बड़े पैमाने पर वहां पर लोग एकत्रित हुए। करोड़ों लोगों ने संगम तट और गंगा में डुबकी लगाई है। ऐसी स्थिति में गंगा का पानी साफ हो ही नहीं सकता है। अब देखना यह है, कि राज ठाकरे के इस बयान पर भगवाधारी साधु-सन्यासी, विश्व हिंदू परिषद और संघ किस तरह से अपनी प्रतिक्रिया देता है। लोकसभा एवं महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में राज ठाकरे ने भाजपा की मदद की थी। वह स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बाजू की कुर्सी पर बैठे हुए नजर आए थे। उसके बाद भी उन्होंने नदियों का उल्लेख करते हुए हिंदू श्रद्धालुओं की भावनाओं को भड़काने का काम किया है। राज ठाकरे एक ऐसे नेता हैं, जो अपनी बात बिना किसी डर, दबाव या भय के कहते हैं। भाजपा चाहकर भी उनके इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे पा रहा है। इससे भाजपा और संघ की मजबूरी को समझा जा सकता है।

## शिक्षा खड़ी बाजार में

शिक्षा अपने आप में एक अत्यंत पवित्र शब्द है, जिसके आगे सारी विशेषताएं और दावे अधूरे नजर आते हैं। शिक्षा का प्रभाव हमारे वर्तमान ही नहीं, अतीत पर भी पूरी तरह छाया हुआ था। सच यह है कि शिक्षा को अगर हम किताबी ज्ञान तक सीमित करें, तो यह ठीक नहीं है। इसका स्वरूप किताबी ज्ञान से कहीं ज्यादा है। वर्तमान में शिक्षा बाजार उन्मुख हो गई है। चाहे शिक्षा देने वाले हों या शिक्षा लेने वाले, सभी शिक्षा को धन अर्जित करने का साधन मानकर चलते हैं। आज के दौर में शिक्षा अर्जन का उद्देश्य धनार्जन है। दसवीं, बारहवीं जैसी कक्षाओं के परिणाम तय करते हैं कि बच्चा किस जगह जाना चाहता है। मगर उसकी आंतरिक इच्छा भले ही कुछ और करने की हो, फिर भी उसको जबरदस्ती भेड़चाल में धकेलने की पूरी व्यवस्था समाज में मौजूद है। ऐसी स्थिति के लिए स्कूल-कालेज के साथ-साथ बच्चों के माता-पिता भी उतने ही जिम्मेदार हैं। बड़े-बड़े कोचिंग केंद्र लोगों को डाक्टर, इंजीनियर, आइएएस आदि बनाने में जुटे हैं, जबकि बच्चे की मर्जी जाने या उसके मन को टटोले बिना कोचिंग केंद्रों में उनके दाखिले करा दिए जाते हैं, भले ही बच्चा दबाव झेलने में सक्षम हो या न हो। समझने की बात यह है कि क्या पढ़-लिखकर केवल अपने उत्थान के लिए कुछ करना हमारे देश के लिए काफी होगा। मूलतः यह सोच ही बाजारीकरण की द्योतक है। पढ़ाई के नाम पर जिस तरह से फीस वसूली जाती है, उससे निर्धन बच्चों का भविष्य आमतौर पर अधर में रह जाता है। हालांकि ऋण सुविधाओं और सरकारी योजनाएं कुछ हद तक इसमें राहत पहुंचाती हैं, लेकिन कुछ लोगों तक ही इनकी पहुंच होती है, बाकी के सभी इस तंत्र का शिकार बनते हैं। उन्हें छोटी-छोटी नौकरियों के लिए भी काबिल नहीं समझा जाता 7 हिंदी माध्यम के विद्यार्थी के मुकाबले अंग्रेजी माध्यम का विद्यार्थी इसलिए योग्य समझा जाता है, क्योंकि उसको अंग्रेजी का ज्ञान कहीं ज्यादा है। प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को पता है कि कहां कैसा माहौल है। मगर सब और यही स्थिति है कि जहां जैसा चल रहा है, वैसा चलने दो। इतना बड़ा देश है, इतनी सारी समस्याएं हैं, किस-किस पर ध्यान दिया जाए? ऐसी सोच लेकर सभी लोग अपने जीवन को चलाने में विश्वास रख रहे हैं और फिर आज के इस युग में मैं क्यों बोलूं वाली धारणा का प्रचार अधिक ही असर दिखा रहा है। सड़क पर चलते हुए हम बहुत से गरीब बच्चों को देखते हैं। न जाने किसके अंदर कैसी प्रतिभा छिपी है। हमने शिक्षा कि सारी बुनियादी बातों को दरकिनार कर दिया है। सरकारी व्यवस्था सबके लिए समान शिक्षा, अनिवार्य, निशुल्क और शिक्षा की व्यवस्था करती है, लेकिन क्या इन स्कूलों से पढ़े बच्चे उन बच्चों के साथ प्रतियोगिता में खरे उतर सकते हैं जो महंगे स्कूल में पढ़ते हैं ? इस व्यवस्था को बदलना आसान काम नहीं है। शिक्षा श्रेष्ठि वर्ग के लिए प्रतिष्ठा और मान-सम्मान का विषय हो गई है। ऐसे संस्थानों में गरीब प्रवेश ही नहीं कर सकता, जहां कुलीनता ही पहचान है। शिक्षा और आर्थिक जीवन के बीच यह टकराव खतरनाक है। आज नहीं तो कल, कोई ऐसा वक्त भी आ सकता है जब यह बाजारीकृत व्यवस्था अपना एक वर्ग खड़ा कर ले, या फिर ऐसा हो कि उपेक्षित वर्ग इसके खिलाफ खड़ा हो जाए। दोनों ही स्वरूप उचित नहीं है।

# फास्ट फूड का बढ़ता सेवन मोटापे की बढ़ती दरों का एक प्रमुख कारक

**अस्वास्थ्यकर खाने की आदतें, अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, परिष्कृत शर्करा और चिकना फास्ट फूड का बढ़ता सेवन मोटापे की बढ़ती दरों का एक प्रमुख कारक है। भारतीय शहरों में फास्ट-फूड के चलन ने विशेष रूप से शहरी मध्यम वर्ग की आबादी को प्रभावित किया है, जिसके परिणामस्वरूप मोटापे के स्तर में वृद्धि हुई है। प्रोटीन, डेयरी और फलों की उच्च कीमतों के कारण कई कम आय वाले परिवार चावल और गेहूँ जैसे सस्ते, उच्च कार्बोहाइड्रेट वाले आहार की ओर रुख करते हैं।**

**डॉ सत्यवान सौरभ**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) मुख्य रूप से मुख्य अनाज की आपूर्ति करती है, जिसमें संतुलित आहार के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों की कमी होती है। डिजिटल मनोरंजन और लंबे सम य तक काम करने के साथ-साथ बैठे-बैठे ऑफिस की नौकरी, शारीरिक गतिविधि के लिए बहुत कम समय देती है, जिससे वज़न बढ़ता है।

भारत में मोटापे में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, रिपोर्ट में बताया गया है कि 24 प्रतिशत पुरुष और 25प्रतिशत महिलाएँ अब अधिक वज़न या मोटापे से ग्रस्त हैं। चिंताजनक रूप से, पिछले एक दशक में 5-9 वर्ष की आयु के बच्चों में मोटापा दोगुना हो गया है। शहरीकरण, आहार में बदलाव, गतिहीन आदतें और पर्यावरणीय प्रभाव जैसे कारक इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं। इस मुद्दे से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। अधिक वज़न और मोटापे से ग्रस्त महिलाओं का प्रतिशत 20.6प्रतिशत से बढ़कर 24प्रतिशत हो गया, जबकि पुरुषों के लिए यह 18.9प्रतिशत से बढ़कर 22.9प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, 5 साल से कम उम्र के बच्चों में मोटापे की दर 2.1प्रतिशत से बढ़कर 3.4प्रतिशत हो गई है और बड़े बच्चों में यह रुझान और भी खराब है। वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2022 का अनुमान है कि 2030 तक 5-9 वर्ष की आयु के 10.81प्रतिशत बच्चे और 10-19 वर्ष की आयु के 6.23प्रतिशत बच्चे मोटे होंगे। द लैंसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया के एक अध्ययन से पता चलता है कि भारत में लगभग 40प्रतिशत महिलाएँ और 12प्रतिशत पुरुष उदर मोटापे से पीड़ित हैं।



आनुवंशिक कारक उदर क्षेत्र में वसा जमा होने की प्रवृत्ति में योगदान करते हैं, जिससे चयापचय सम्बंधी विकारों का ख़तरा बढ़ जाता है। जबकि मोटापा मुख्य रूप से शहरी समस्या है, लेकिन जीवनशैली में बदलाव और आहार सम्बंधी आदतों के कारण यह ग्रामीण आबादी को तेजी से प्रभावित कर रहा है। वर्तमान में, भारत में 60प्रतिशत मौतें गैर-संचारी रोगों के कारण होती हैं, जो मोटापे और निष्क्रिय जीवनशैली के कारण और भी गंभीर हो जाती हैं। अस्वास्थ्यकर खाने की आदतें, अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, परिष्कृत शर्करा और चिकना फास्ट फूड का बढ़ता सेवन मोटापे की बढ़ती दरों का एक प्रमुख कारक है। भारतीय शहरों में फास्ट-फूड के चलन ने विशेष रूप से शहरी मध्यम वर्ग की आबादी को प्रभावित किया है, जिसके परिणामस्वरूप मोटापे के स्तर में वृद्धि हुई है। प्रोटीन, डेयरी और फलों की उच्च कीमतों के कारण कई कम आय वाले परिवार चावल और गेहूँ जैसे सस्ते, उच्च कार्बोहाइड्रेट वाले आहार की ओर रुख करते हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) मुख्य रूप से मुख्य अनाज की आपूर्ति करती है, जिसमें संतुलित आहार के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों की कमी होती है। डिजिटल मनोरंजन और लंबे समय तक काम करने के साथ-साथ बैठे-बैठे ऑफिस की नौकरी, शारीरिक गतिविधि के लिए बहुत कम समय देती है, जिससे वज़न बढ़ता है। लैंसेट ग्लोबल हेल्थ के एक अध्ययन के अनुसार, 50प्रतिशत भारतीय पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं करते हैं, जो मोटापे की महामारी का एक महत्त्वपूर्ण कारक है। पोषण और व्यायाम के बारे में जागरूकता की कमी के कारण जीवनशैली के ग़लत विकल्प चुने जाते हैं, ख़ास तौर पर निम्न आय वर्ग और ग्रामीण क्षेत्रों में। कई भारतीय परिवार गलती से अधिक वज़न को अच्छे स्वास्थ्य का संकेत मान लेते हैं, जिससे मोटापे के लिए आवश्यक हस्तक्षेप में देरी होती है। ख़ास तौर पर बच्चों के बीच प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों, शर्करा युक्त पेय पदार्थों और फास्ट फूड का आक्रामक विपणन आहार विकल्पों को बहुत प्रभावित करता है। सोशल मीडिया प्रचार और सेलिब्रिटी समर्थन युवाओं में जंक फूड की खपत को और बढ़ावा देते हैं। शहरी क्षेत्रों के विस्तार के साथ-साथ डिजिटल मनोरंजन और दूर से काम करने के प्रचलन ने समग्र शारीरिक गतिविधि के स्तर को कम कर दिया है। यातायात की भीड़ और प्रदूषण बाहरी व्यायाम को रोकते हैं, जिससे गतिहीन इनडोर गतिविधियों पर अधिक निर्भरता होती है। पार्क, खेल के मैदान और पैदल चलने वालों के अनुकूल क्षेत्रों की कमी से पैदल चलना और साइकिल चलाना जैसी शारीरिक गतिविधियों में शामिल होना मुश्किल हो जाता है। खराब शहरी नियोजन और साइकिल चलाने के बुनियादी ढांचे की कमी सक्रिय आवागमन को जटिल बनाती है, जिससे मोटापे की दर बढ़ती है। इसके अतिरिक्त, प्रदूषण से सम्बंधित सूजन चयापचय सम्बंधी विकारों के जोखिम को बढ़ाती है, जिससे वज़न बढ़ सकता है। शोध से पता चला है कि भारतीय शहरों में उच्च प्रदूषण स्तर और आंत की चर्बी के संचय और मोटापे में वृद्धि के बीच सम्बंध है।

# क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?

**मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है।**

भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान् शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर जज़िया वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

**राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया।**

इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।



इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है।

# वन उपज से आदिवासियों को दीर्घकालीन रोजगार देने का लक्ष्य

**समावेशी विकास के लिए आदिवासी समुदायों की प्रगति को टिकाऊ आधार देना बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। इसके लिए लघु वन उपज आधारित आजीविकाओं का विशेष महत्व है क्योंकि वन बहुत नजदीकी तौर पर आदिवासी जन-जीवन से जुड़े हैं। यदि विविध तरह की लघु वन उपज का उपयोग वन-रक्षा के लिए जरूरी सावधानियों के अनुकूल हो, तो इससे टिकाऊ तौर पर आजीविका आधार बढ़ाने और बेहतर करने के अनेक अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।**



इन संभावनाओं को अधिकांश स्थानों पर अभी प्राप्त नहीं किया जा सका है क्योंकि चाहे लघु वन उपज एकत्र करने में आदिवासी कितनी भी मेहनत करें, पर उन्हें इस एकत्रित लघु वन उपज की उचित कीमत नहीं मिल पाती है। जब काफी मेहनत से एकत्रित उपज को व्यापारियों को बहुत सस्ती कीमत पर बेचना पड़ता है, तो प्राय: आदिवासी ठगे से महसूस करते हैं। इस स्थिति को बदलने के लिए जहां उचित कीमत उपलब्ध करवाना जरूरी है। यह भी आवश्यक है कि इन उत्पादों के स्थानीय प्रसंस्करण द्वारा उनकी मूल्य वृद्धि की जाए और इस तरह बेहतर कीमत प्राप्त करने के साथ-साथ स्थानीय रोजगार सृजन में भी वृद्धि की जाए। कुछ ऐसा ही प्रयास हो रहा है आदिवासी महिलाओं की प्रोड्यूसर कंपनी घूमर द्वारा, जो राजस्थान के पाली और उदयपुर जिलों में सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं की सदस्यता के आधार पर चल रही इस प्रोड्यूसर कंपनी ने सैकड़ों महिलाओं और उनके परिवारों की लघु वन उपज से प्राप्त आय में मात्र पांच-छह वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि की है। धर्मी बाई की ही बात करें तो जहां पहले वह एक वर्ष में लघु वन उपज से 6 हजार रुपये के आसपास ही प्राप्त कर सकती थीं, वहां अब उनके परिवार ने एक वर्ष में 79,450 रुपये की आय लघु वन उपज से प्राप्त की। इन गांवों में ऐसी सैकड़ों महिलाएं मिल जाएंगी, जो 50,000 रुपये के आसपास एक वर्ष या सीजन में लघु वन-उपज से प्राप्त कर रही हैं।

घूमर महिला प्रोड्यूसर कंपनी में लगभग 2000 महिला शेयर होल्डर हैं, जिनमें से अधिकांश गरासिया आदिवासी महिलाएं हैं। इस कंपनी के लगभग सभी उत्पाद इन महिलाओं और उनके परिवारों की आजीविका को सशक्त करने के साथ स्वास्थ्य को बेहतर करने वाले उत्पादों से जुड़े हैं। सीताफल या कस्टर्ड एप्पल के गूदे को निकाल कर विभिन्न खाद्य औद्योगिक इकाइयों को बेचा जाता है, जबकि इसके बीज और छिलके का भी उचित उपयोग होता है। जामुन के स्लाइस और पेय तैयार होते हैं। पलाश के फूल का गुलाल बनता है और अन्य वनस्पतियों आधारित सूखे रंग भी बनते हैं। पलाश की पत्तियों के दोने-पत्तल बनते हैं। बेर छांट कर बेचे जाते हैं और इसके चूर्ण और पेस्ट से अन्य उत्पाद भी बनते हैं, जैसे लड्डू और लालीपॉप जैसा खाद्य। घूमर महिला प्रोड्यूसर कंपनी ने इन विभिन्न उत्पादों के लिए आधुनिक उत्पादन विधियां विकसित की हैं और इसके लिए जरूरी मशीनें और उपकरण खरीदे हैं, पर साथ ही ऐसी तकनीक अपनाई है जो अधिकांश यंत्र आधारित न हो और जिसमें आदिवासी ग्रामीण महिलाओं को पर्याप्त रोजगार मिलता रहे। इन विभिन्न उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के प्रयास तेज हो रहे हैं, पर इन ग्रामीण महिलाओं के लिए केवल आय बढ़ाना ही सब कुछ नहीं है, वे इस ओर भी ध्यान देती हैं कि वनों की रक्षा करते हुए ही उपज प्राप्त की जाए ताकि वन आधारित आजीविका टिकाऊ आधार पर सुरक्षित रहे।

दूसरी ओर कुछ बाहरी एजेंट इस तरह वनों का दोहन करने का प्रयास करते हैं, जिससे कच्चे फल भी तोड़े जाते हैं और पेड़ों से सीताफल जैसे फल कम प्राप्त होते हैं। फल प्राप्त करने का सीजन छोटा हो जाता है, फल एकत्रित करने वालों की आय कम होती है और कच्चे ही तोड़ लिए गए फल एक तरह से नष्ट ही होते हैं क्योंकि उनका कोई विशेष उपयोग नहीं हो पाता है।

दूसरी ओर घूमर महिला प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ी महिलाओं को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि विभिन्न सावधानियों को अपनाते हुए ही फल, फूल, पत्ती आदि को प्राप्त किया जाए। साथ ही स्थानीय परिवेश से जुड़े होने के कारण उन्हें स्वाभाविक तौर पर भी इस विषय का बेहतर पारंपरिक ज्ञान होता है कि क्या तोड़ना है और क्या नहीं तथा कैसी सावधानी बरतना जरूरी है। कंपनी के नेतृत्व का प्रयास है कि इसके उत्पादन और आय को बढ़ाकर इसे कहीं अधिक महिलाओं तक पहुंचाया जाए और उन्हें अधिक आय भी उपलब्ध कराई जाए। इसे संबंधित अधिकारियों से भी सहयोग मिल रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राकेश व्यास द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11 प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन -1, एमपी नगर, भोपाल - 462011 (मप्र) से मुद्रित एवं प्लाट नम्बर 3, साई दिशा कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। प्रधान संपादक राकेश व्यास, मो : - 09977701999, समूह संपादक सुनील दत्त तिवारी, मो :- 9713 289999, संपादक- ऋषिकान्त सिंह (रजत) परिहार, मो :- 09425002527, फोन: 0755-4222349, ईमेल आईडी: madhyaswarnim@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार होंगे। आरएनआई रजिस्टर्ड क्रमांक:- MPHIN/2013/52452

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### आयुर्वेद महाविद्यालय में हुआ 450 बच्चों का स्वर्ण प्राशन



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से गौरीघाट स्थित शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में आज सोमवार को 16 वर्ष की आयु तक के 450 बच्चों का स्वर्ण प्राशन संस्कार किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. एल. एल. अहिरवाल ने बताया कि कार्यक्रम में शिशु एवं बालरोग विभाग की चिकित्सक डॉ गीता पांडे द्वारा बच्चों का परीक्षण कर उन्हें आयु के अनुसार अलग-अलग मात्रा में स्वर्ण बिंदु पिलाया गया। स्वर्ण बिंदु का निर्माण गौ घृत एवं शहद के मिश्रण से किया जाता है, जिसकी प्रत्येक बूंद में 1.6 ग्राम स्वर्ण भस्म की मात्रा होती है। डॉ अहिरवाल ने स्वर्ण बिंदु से मिलने वाले फायदों की जानकारी देते हुए बताया कि यह बच्चों के वर्ण को निखारता है और उनकी हाइट, हेल्थ एवं पाचन क्रिया के लिए भी लाभदायक होता है। यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है तथा कमजोर याददाश्त एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ्य बच्चों पर भी इसके अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। महाविद्यालय में स्वर्ण प्रश्न कार्यक्रम वर्ष 2014 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है।

### शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें : कलेक्टर सक्सेना

**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर सुमिशा सिंह, नाथूराम गोंड, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। कलेक्टर सक्सेना ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। इसके साथ ही बरगी डैम व पनागर क्षेत्र के अंतर्गत वेटलेंड का सीमांकन, वक्फ की संपत्ति की मार्किंग, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शीघ्र कराने, बेहतर ई-रिक्शा नीति बनाने, स्कूलों की छुट्टी के समय ट्राफिक कंट्रोल आदि पर चर्चा करते हुए कहा कि लोकल ऑर्डिट फंड में हुये धोखाधड़ी से सभी अधिकारी सीखें और आहरण और संवितरण पर सख्त निगाह रखें। साथ ही कहा कि निर्माण विभाग द्वारा रॉयल्टी जल्दी जमा करें। सरकारी भवनों में सोलर पैनल लगवायें। उन्होंने मायनिंग के कुछ प्रकरणों में लायसेंस निरस्तीकरण के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिये। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण के लिए मेहनत करें और जवाबदारी से कार्य करें और जिले की रैंकिंग सुधारें।

### त्यौहार भाईचारे के प्रतीक, शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** विदिशा जिले का इतिहास रहा है कि सभी त्यौहार भाईचारे की भावना को और अधिक बढ़ावा देते है। आगामी त्यौहारो के परिपेक्ष्य में की जाने वाली तैयारियों की बिन्दुवार चर्चा आज शांति समिति की बैठक में की गई। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में समिति के पदाधिकारियों, द्वारा जन हितैषी सुझावो के साथ-साथ आवश्यक व्यवस्थाओं का क्रियान्वयन करने के निर्देश संबंधित विभागो के अधिकारियो को दिए गए। पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में आगामी पर्व ईद-उल-फितर, होली एवं रंगपंचमी पर्व सहित अन्य पर्व के परिपेक्ष्य में आयोजित की गई उक्त शांाति समिति की बैठक में समिति के सम्माननीय सदस्यगण और विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहें। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा कि त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था बनी रहे। हम सब में भाईचारे की भावना प्रगाढ़ में वृद्धि हो। शहर की फिंजा किसी भी प्रकार से दूषित ना हो इन सभी बातों का विशेष ध्यान हम सब त्यौहार के दौरान रखें। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सम्माननीय सदस्यगणों द्वारा जो बहुउपयोगी सुझाव दिए गए है उन पर अमल किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने होलिका दहन नियत स्थलों पर करने की अपील करते हुए कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि होलिका दहन के ऊपर विद्युत वायर ना हो। जबरन की किसी को रंग ना लगाएं। कर्णप्रिय ध्वनि वाद्य यंत्रों का प्रयोग करें। त्यौहार खुशी के प्रतीक है ऐसा संदेश हम अपने खुशी से दूसरों को भी दें।

### ग्रेंडिग माह की शिकायतो का निराकरण संतुष्टिपूर्वक हो : कलेक्टर सिंह

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा के दौरान विभागो के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों का निराकरण शीघ्रता से संतुष्टिपूर्वक कराने के प्रबंध हर स्तर पर सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रेडिंग माह फरवरी की सभी शिकायते सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत कराएं ताकि जिले की रैकिंग में गिरावट ना हो पाए। उन्होंने विभागीय स्तर पर शिविरो के माध्यम से आवेदनों के निराकरण की पूर्व प्रक्रिया को और सजग बनाते हुए चरणवद्ध तरीको में आगामी तीन दिवसों में अधिक से अधिक आवेदनो को निराकृत कराएं। कलेक्टर सिंह ने कहा कि इस सप्ताह होली त्यौहार होने के कारण दो-तीन दिन सीएम हेल्पलाइन के आवेदनो के निराकरणो में वह गति नहीं रहेगी जो होना चाहिए। अत: त्यौहार के पूर्व दिवसो में युद्धगति से आवेदनो के निराकरणो पर जोर दें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि ग्रेडिंग फरवरी माह की जिले में कुल 3419 शिकायते लंबित है जिसमें सर्वाधिक राजस्व विभाग की इसके पश्चात अन्य विभागो की शिकायते है अत: जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारी विभागीय शिकायतो के निराकरण हेतु विशेष मुहिम संचालित करें। इसी प्रकार पचास दिवस की कुल 6183 शिकायते लंबित है वहीं सीपी ग्राम के तहत विकासखण्डवार कुल 74 शिकायते लंबित है।

# ई-केवायसी ना कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कठोर कार्रवाई : कलेक्टर चौहान

## अंतरविभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश एक माह का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा



**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।** शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की ई-केवायसी करना अनिवार्य है। ई-केवायसी न कराने पर आगामी माह का वेतन आहरित नहीं किया जायेगा। कलेक्टर रुचिका चौहान ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में ई-केवायसी कार्य की समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी-कर्मचारी स्वयं एवं अपने स्टाफ की ई-केवायसी अनिवार्यत: करा लें। ई-केवायसी कार्य में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की भी विस्तार से समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री विवेक कुमार, एडीएम श्री टी एन सिंह, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न क्रय करने हेतु किसानों का पंजीयन कार्य तेजी के साथ कराया जाए। इसके साथ ही खरीदी केन्द्र निर्धारण के समय यह सुनिश्चित किया जाए कि गोदाम स्तर पर ही खरीदी केन्द्र बन सकें। ग्वालियर में 22 मार्च से 28 मार्च तक लगने वाले पुस्तक मेले की सभी व्यवस्थायें समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अभी भी बहुत सारे निजी स्कूलों ने अपने स्कूल में उपयोग होने वाली किताबों की सूची पोर्टल पर नहीं डाली है। कलेक्टर चौहान ने ऐसे स्कूल संचालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने मुख्यमंत्री इंटर्नशिप योजना की समीक्षा के दौरान उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके लिये कॉलेजों में भी संपर्क स्थापित किया जाए। योजना के तहत युवा स्वयं ही पोर्टल पर अपना पंजीयन कर कंपनी का चयन कर सकते हैं। चयन होने पर युवा को 6 हजार रूपए की राशि एवं प्रतिमाह 5 हजार रूपए की राशि प्राप्त होगी। सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर रुचिका चौहान ने हैल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को अटेंड न करने वाले अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। इनमें चीनौर, मेहरा, आंतरी, देवरीकला, बेहट, डबरा और मोहना के अधिकारियों द्वारा शिकायतों को अटेंड नहीं किया गया है, इन सभी के विरूद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

# 90 हजार 440 रूपए कीमत का 323 किलोग्राम मावा जप्त

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की कार्रवाई



**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर ग्वालियर जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की सघन जाँच का अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वाहनों की जांच की।

जाँच में दो नमूने जिनकी मात्रा 323 किलोग्राम एवं बाजार मूल्य 90 हजार 440 रूपए है। इन नमूनों को जब्त पर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सतीश धाकड़ एवं सतीश शर्मा की टीम ने मोर बाजार (महाराज बाड़ा) पहुँचकर लोडिंग वाहन क्र.- एमपी-07-जीए-9244 में जाँच के दौरान मावे की डलिया पाई गईं। पूछताछ करने पर वाहन ड्रायवर राहुल गोस्वामी निवासी सोनी जिला भिण्ड ने बताया कि मावे की 13 डलिया रखी हैं, जिसे भिण्ड की बजरंग डेयरी से मोर बाजार लाया गया है। ड्रायवर द्वारा फूड लायसेंस एवं दस्तावेज टीम को प्रस्तुत किए। मौके पर मिले मावे की चलित फूड लैब से जाँच कराने पर, यूरिया, डिटर्जेंट, स्टार्च नहीं पाया गया, लेकिन एसएनएफ एवं फैट की कमी की आशंका पर खाद्य सुरक्षा टीम ने दो नमूने लेकर मावा जिसकी कुल कीमत 90 हजार 440 रूपए है, जब्त करने की कार्रवाई की है।

# कलेक्टर सक्सेना ने पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

## शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है

**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज कलेक्टर सभागार में पुस्तक मेला की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कहा गया कि 25 मार्च से 5 अप्रैल तक शहीद स्मारक प्रांगण में विद्यार्थियों के लिए सुलभ रूप से शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है। जिले में लगभग 4 लाख से ज्यादा बच्चे ऐसे हैं जो शैक्षणिक सामग्री का क्रय करते हैं और एक विद्यार्थी अपने शैक्षणिक सामग्री के लिए लगभग 5 हजार रूपये खर्च करते हैं। इस हिसाब से यह पुस्तक मेला में करोड़ों का व्यापार हो सकता है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों से पुस्तक मेला को भव्य व आकर्षक बनाने के सभी प्रयास करें। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि पुस्तक मेला में पुस्तक व शैक्षणिक सामग्री विक्रेताओं के लिए आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला से बच्चों को सस्ती व किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। इस व्यवस्था में सामग्रियों के विक्रय पर पारदर्शिता होगी और शैक्षणिक सामग्री विक्रेताओं के एकाधिकार पर अंकुश भी लगेगा। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला में बुक, स्टेशनरी, यूनिफार्म व फूड स्टॉल के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी हों। विद्यार्थी अपनी पुरानी किताबों को डोनेट करें, इसके बदले उन्हें कूपन दिया जायेगा, जिसका उपयोग वे अपने स्टेशनरी खरीदने में कर सकते हैं। कोई भी विद्यार्थी अपने वांछित किताब से वंचित न रहें इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना : महाविद्यालयों में आयोजित शिविरों में पहले दिन 127 युवाओं ने कराया पंजीयन

## जिले के सभी महाविद्यालयों में ये शिविर मंगलवार 11 मार्च को भी सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक लगाए जाएंगे




**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत युवाओं के पंजीयन के लिये कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय, अशासकीय एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालयों तथा पोलिटेक्निक कॉलेजों में आयोजित किये जा रहे दो दिवसीय शिविरों के पहले दिन सोमवार को 127 युवाओं द्वारा इंटर्नशिप के लिए अपना पंजीयन कराया गया है। जिले के सभी महाविद्यालयों में ये शिविर मंगलवार 11 मार्च को भी सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक लगाए जाएंगे। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के अंतर्गत इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च है। इस योजना में 21 से 24 वर्ष की आयु के ऐसे युवा पात्र हैं, जो सीधे तौर पर सरकारी कर्मचारियों से संबंधित नहीं है और उन्होंने अब तक किसी अन्य अप्रेंटिसशिप योजना का लाभ नहीं लिया है। युवाओं द्वारा योजना के तहत इंटर्नशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर किये जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा एमपी ऑनलाइन कियोस्क पर भी उपलब्ध है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में से एक में इंटर्नशिप और अच्छी मेंटरशिप पाने का एक शानदार अवसर उपलब्ध कराती है। इंटर्नशिप के दौरान प्रतिमाह 5 हजार रुपये का स्टायपंड तथा इंटर्नशिप की अवधि पूरी होने पर एक मुश्त 6 हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं।

# कमिश्नर अभय वर्मा ने मॉडल स्कूल में संचालित ज्ञानाश्रय कोचिंग में पढ़ाया करंट अफेयर्स

## रिपोर्ट में जैव विविधता हानि को कम करने में शासन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** कमिश्नर अभय वर्मा ने मॉडल स्कूल में संचालित ज्ञानाश्रय कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि हाल ही में, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर अंतर-सरकारी विज्ञान-नीति मंच द्वारा परिवर्तनकारी परिवर्तन आकलन रिपोर्ट जारी की गई।

रिपोर्ट में जैव विविधता हानि को कम करने में शासन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। परिवर्तन के लिए 5 प्रमुख रणनीतियां : संरक्षण और पुनरुद्धार, प्रमुख क्षेत्रों में व्यवस्थित परिवर्तन, आर्थिक प्रणालियों में परिवर्तन, अनुकूल शासन और दृष्टिकोण एवं मूल्यों में बदलाव। साथ ही कहा कि वीर बाल दिवस के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 प्रदान किया गया। यह बच्चों के लिए भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है, जो सात श्रेणियों में उनकी असाधारण उपलब्धियों और क्षमताओं का जश्न मनाता है- बहादुरी, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल। पुरस्कार विजेताओं को 5-18 वर्ष की आयु में, राष्ट्र के लिए उनके प्रेरक योगदान के लिए मान्यता दी जाती है, और उन्हें पदक, प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। आयुक्त वर्मा ने बताया कि हाल ही में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2014 की घोषणा की गई। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन, द्रोणाचार्य, राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार और मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्रॉफी के लिए पुरस्कार विजेताओं के नाम की घोषणा की गई। मार्गदर्शन के दौरान उन्होंने बताया कि आठ कोर उद्योगों का सूचकांक, नौकरियों का भविष्य रिपोर्ट 2025, लीड्स 2024 रिपोर्ट, वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2025, राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस, सुशासन दिवस, स्लाइनक्स 2024, डिएगो गार्सिया के पास हिरासत में लिया गया भारतीय मछुआरा, सरदार उधम सिंह की 125वीं जयंती, इसरो के नए अध्यक्ष डॉ. वी नारायणन, भारत ने खो-खो विश्व कप 2025 जीता, रैपिड वर्ल्ड चैंपियनशिप, भारत पोर्टल, नासा का पारकर सोलर प्रोब, जल्लीकट्टू इत्यादि पर विस्तार से चर्चा की।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में गेहूं उपार्जन की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

## इस दौरान कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा कि गेहूं उपार्जन गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी हो



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में गेहूं उपार्जन की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि गेहूं उपार्जन गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी हो। इसमें कहीं भी कोई गड़बड़ी करते हैं, तो संबंधित के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही किया जाये। कौन- कौन से वेयर हाउस में कितनी कैपेसिटी है और वहां कितना स्लॉट बुकिंग हुई है यह भी देखें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन में गोदामों की लिस्ट की जो खाली हैं वहां प्राथमिकता से केन्द्र बनाये गये थे, लेकिन इसमें कुछ क्षेत्र छूट गये थे। गेहूं खरीदी में उन क्षेत्रों में भी केन्द्र बनाया जाये। उन्होंने कहा कि आरआई सर्किल स्तर पर तीन-तीन खरीदी केन्द्र बनायें, जिससे 15-20 किलोमीटर रेडियस में एक गेहूं खरीदी केन्द्र हो। उन्होंने कहा कि यह कार्य होली त्यौहार के पहले पूर्ण कर लिया जाये। साथ ही कहा कि बनाये गये खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन भी कर लिया जाये। उपार्जित गेहूं को रखने के लिए गोदामों का पहले से चयन भी कर लिया जाये। उन्होंने धान उपार्जन के संबंध में कहा कि जिन गोदामों में उपार्जित धान की कमी पाई गई है, वहां के नोडल अधिकारी को निलंबित करने की कार्यवाही शीघ्र करें। बैठक में उन्होंने मुख्य रूप से कहा कि गेहूं उपार्जन के दौरान क्वालिटी पर विशेष ध्यान देना है। इसके साथ ही उपार्जन प्रक्रिया में लगने वाले सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित भी करें। उन्होंने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया एक बड़े स्तर पर की जाती है और इसमें सावधानी बहुत आवश्यक है अत: सभी अधिकारी तत्परता व संवेदन शीलता से इस कार्य में लग जायें ताकि कहीं कोई गड़बड़ी की आशंका न रहे। बैठक में सुश्री मिशा सिंह सहित उपार्जन से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# महिलाओं के लिये सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अंतर्गत महिला सम्मेलन और मेले का आयोजन किया

## परियोजना के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रशिक्षित लगभग 400 महिलाओं ने भागीदारी की



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, जेएटीसीसी, ऑरेंज अम्ब्रेला महिला संघ एवं बायपास संस्थान द्वारा महिलाओं के लिये सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अंतर्गत महिला सम्मेलन और मेले का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रशिक्षित लगभग 400 महिलाओं ने भागीदारी की। मेले में विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा मोमोस, साउथ इंडियन और नार्थ-इंडियन नाश्ते, बेकरी आयटम, फ्रूट सलाद, चाट-फुलकी, बच्चों के खिलौने, कपड़े के बैग, मेहंदी, बुटीक के सामान, मनिहारी और सजावटी सामान आदि के 25 स्टॉल लगाए गए। गाइड विधा में प्रशिक्षित लड़कियों द्वारा भेड़ाघाट और जबलपुर के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गई। पंजीयन और स्टॉल आदि की व्यवस्था फ्रंट ऑफिस विधा में प्रशिक्षित युवतियों ने संभाली। जहां एक ओर महिलाओं ने खाने-पीने की चीजों का आनंद लिया, वहीं दूसरी ओर मेहंदी स्टॉल पर भी महिलाओं की अच्छी भीड़ रही। बच्चों के खिलौने, बैग, कपड़े, मनिहारी और सजावटी सामान की भी बिक्री महिलाओं ने की। महिलाओं ने खेलकूद और गाने की कला का प्रदर्शन किया और कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ गुलाल खेलकर किया गया। यूथ हॉस्टल प्रांगण में सम्पन्न इस मेले में पधारे विधायक अभिलाष पांडे ने शासन की योजनाओं से जुड़कर महिलाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिलने पर बधाई दी और कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, जिसका लाभ अब मैदानी स्तर पर भी दिख रहा है।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन हुआ

## ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान विदिशा में किया गया



**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी युवाओं तक अधिक से अधिक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले की शासकीय आईटीआई एवं नाबार्ड ने संयुक्त रूप से कार्यशाला का ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) विदिशा में किया गया। जिसमें युवाओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम से संबंधित जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के विषय में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में आरसेटी के निदेशक श्री संतोष कुमार बिरुआ, आईटीआई प्राचार्य श्री ए पी श्रीवास्तव, नाबार्ड एजीएम सुश्री जगप्रीत कौर, लीड बैंक मैनेजर श्री बीएस बघेल एवं आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी श्री आलोक रावत तथा श्री हरेराम यादव उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में देश के युवाओं को इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करना है। पीएम इंटर्नशिप योजना में 21 से 24 वर्ष के मध्य आयु के युवा जो पूर्णकालिक रोजगार एवं शिक्षा में नहीं है एवं जिन अभ्यर्थियों ने हाई स्कूल, हायर सेकन्डेरी स्कूल, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा या स्नातक किया है वे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

# केरल में महज तीन साल और बढ़ गए ड्रग्स के 330 प्रतिशत मामले

## नशे में सहायक बन रहा डार्क वेब और क्रिप्टोकरेंसी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केरल में नशे की समस्या खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है। ड्रग्स रैकेट का शिकंजा स्कूल स्तर तक पहुंच चुका है, जिससे घरों का माहौल भी बिगड़ रहा है। हिंसा, पारिवारिक कलह और यौन अपराधों में तेजी से इजाफा होने की बात कही जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में केरल में 24,517 ड्रग्स से जुड़े मामले दर्ज किए गए, जबकि पंजाब में यह संख्या 9,734 थी। इस प्रकार नशे के मामले में केरल अब पंजाब से भी अधिक गंभीर स्थिति का सामना कर रहा है। इस मामले में केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वीजी अरुण ने हाल ही में कहा था, कि स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि विधानसभा को अपना कामकाज रोककर इस सामाजिक समस्या पर विचार करना पड़ा। 2021 से 2024 के बीच केरल में ड्रग्स के मामलों में 330प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केरल में नशे के रैकेट चलाने वालों का पंजा अब स्कूलों तक पहुंच गया है, जिससे युवाओं और उनके परिवार पर खतरा मंडराने लग गया है। गांजा से लेकर सिंथेटिक ड्रग्स तक का उपयोग तेजी से बढ़ा है। डॉक्टर, छात्र, युवा—हर वर्ग में ड्रग्स की लत बढ़ रही है। शैक्षणिक संस्थान अब ड्रग्स के हॉटस्पॉट बन गए हैं।

# होली तक मौसम भी बदलेगा रंग, पश्चिमी विक्षोभ से हो सकती है बर्फबारी व बारिश

## मौसम विभाग के मुताबिक 12 से 15 मार्च तक पंजाब और हरियाणा के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** होली तक फिर मौसम में बदल सकता है। पहाड़ों में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बादलों की आवाजाही के साथ बारिश की संभावना जताई जा रही है। आईएमडी के मुताबिक 14 मार्च तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। बर्फबारी से एक बार फिर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे आ सकता है, जिससे दिन में शीतलहर जैसी स्थिति सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक 12 से 15 मार्च तक पंजाब और हरियाणा के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। 13 से 14 मार्च तक दिल्ली-एनसीआर समेत पड़ोसी राज्यों में बादलों की आवाजाही रहेगी। इस दौरान बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है। कमोबेश यही स्थिति यूपी, बिहार और राजस्थान के आसपास भी बनी रह सकती है। एक अनुमान के मुताबिक उत्तर पूर्व राज्यों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र सक्रिय होने से अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, केरल और असम में हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के कुछ हिस्सों के साथ-साथ सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों में हवा तेज हो सकती है। मौसम विभाग ने दिल्ली में दिन में आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। हालांकि, इस सप्ताह पहाड़ों में फिर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम बदलने की संभावना है। 14 मार्च को बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश हो भी सकती है। आईएमडी के मुताबिक यूपी में 13 मार्च को 12 जिलों में बारिश की संभावना है। हल्की से मध्यम हवाएं चलने से ठंड का अहसास बना रहेगा। हालांकि, अब हवाओं की गति कम होने से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। बिहार में कभी गर्मी, कभी ठंड तो कभी बारिश का मौसम बना हुआ है।



# चाबहार पोर्ट के करीब पहुंच रहे ईरान, चीन और रुस के बेड़े

## ओमान की खाडी में होने जा रहा संयुक्त नौसैनिक अभ्यास



**चाबहार ( एजेंसी )।** ईरान का चाबहार पोर्ट भारत के लिए खास है। भारत इस ईरानी पोर्ट को अपने रणनीतिक और आर्थिक हितों के लिए विकसित कर रहा है। चाबहार पोर्ट इन दिनों फिर सुर्खियों में है। इस पोर्ट के पास ही ओमान की खाड़ी में एक अहम संयुक्त नौसैनिक अभ्यास होने जा रहा है। इस अभ्यास में चीन, ईरान और रूस के नौसेना समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

यह अभ्यास ऐसे वक्त हो रहा है जब अमेरिका ने ईरान के खिलाफ 'मैक्सिमम प्रेशर' की धमकी दी है और चीन पर ईरान और उत्तर कोरिया को मदद देने के आरोपों के साथ नए प्रतिबंध लगाने की बात कही है। इस परिस्थिति में, चीन, रूस और ईरान के बीच हो रहे इस अभ्यास को लेकर वैश्विक रणनीतिक विश्लेषकों की चिंता जताई है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि ईरान आखिर चीन और रूस के साथ मिलकर क्या रणनीति बना रहा है? चाबहार पोर्ट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ और भारतीय महासागर के बीच स्थित है। यह एक समुद्री रास्ता है, जो कच्चे तेल की शिपिंग के लिए अहम है। इस लिहाज से, इस क्षेत्र में चीन, रूस और ईरान का सैन्य समागम वैश्विक सुरक्षा के संदर्भ में एक नई रणनीति का संकेत हो सकता है।

# बड़ी उपलब्धि : 5वीं जेनरेशन के लड़ाकू विमान जल्द तैयार करेगा भारत

## भारतीय वायुसेना लड़ाकू विमानों की भारी कमी से जूझ रही है



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय वायुसेना लड़ाकू विमानों की भारी कमी से जूझ रही है। दूसरी तरफ दोनों दुश्मन पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान दोनों ने पांचवी पीढ़ी के फाइटर जेट की तैनाती कर दी है। ऐसे में देश की सुरक्षा में एक-एक पल भारी पड़ रहा है। लेकिन, ऐसा नहीं है कि भारत सरकार और सेना इस जरूरत को नहीं समझ रहे हैं। भारत भी अपनी तैयारी में जुटा हुआ है। ये विमान भारत में बनेंगे और उस हर एक चीज और हथियार भारत की जरूरत के हिसाब से लगाए जाएंगे। अब भारत को फैसला करना है कि वह इस बारे में क्या फैसला लेता है। जानकार का यहां तक कहना है कि भारत और रूस मिलकर जो पांचवीं पीढ़ी के विमान बनाने की बात कर रहे हैं उसका नाम सुखोई-60 होगा, जो कई मामलों में सुखोई-57 से काफी उन्नत विमान होगा। रूस पांचवीं पीढ़ी के विमान उपलब्ध कराने में भारत की हर तरह से मदद करना चाहता है। भारत भी इसको लेकर बेहद गंभीर है। क्योंकि चीन ने अपने बेड़े में पांचवीं पीढ़ी के दो विमान शामिल कर लिया। साथ ही उसने पाकिस्तान को भी 5वीं पीढ़ी के विमान दे दिए हैं। पाकिस्तान के सैन्य बेड़े में 2029 तक ये विमान आ जाएंगे।

# आतंकी संगठ्न होने के शक में बार्सिलोना पुलिस ने कई मस्जिदों में मारे छापे

## एक दिन पहले आतंकवाद के आरोप में दस पाकिस्तानियों को किया था गिरफ्तार

**बार्सिलोना ( एजेंसी )।** स्पेन के बार्सिलोना में बीती रात कई मस्जिदों पर आतंकवाद रोधी दस्ते ने छापेमारी की। सुरक्षाबलों ने यह कदम तब उठाया जब एक दिन पहले बार्सिलोना में ही 10 पाकिस्तानियों को आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था। इन पर अपने विरोधियों की हत्या और सिर कलम करने के लिए उकसाने का आरोप है। जांच में पता चला कि संदिग्ध एक संगठित आपराधिक संगठन से जुड़े थे, जो मैसेजिंग ग्रुप के जरिए हिंसक आदेश जारी करते थे। बार्सिलोना में एक संगठन के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन चलाया गया। पुलिस और इतालवी पुलिस के संयुक्त अभियान में बार्सिलोना में 10 और इतालवी शहर पियासेंज़ा में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक यह समूह बहुत ही संगठित और गुप्त था और मैसेजिंग ऐप के जरिए से विरोधियों के खिलाफ हिंसक संदेश फैलाने में शामिल था। कुछ व्यक्तियों ने यूरोप में विशिष्ट लोगों को संभावित लक्ष्य के रूप में पहचानना शुरू कर दिया था। इसके अलावा उनके पोस्ट में उन व्यक्तियों की तारीफ की गई थी जिन्होंने ईशनिंदा के आरोप में यूरोप और पाकिस्तान में हमले किए थे। जांच में यह भी पता चला कि गिरफ्तार महिलाओं में से एक के नेतृत्व वाले मैसेजिंग समूह में केवल महिलाएं ही शामिल थीं।

# बेटियों से बेहद स्नेह रखते हैं सांसद, बोले तीसरी संतान बेटी हुई तो 50 हजार देंगे

## मेरी सफलता में महिलाओं का बड़ा योगदान रहा है, इसलिए उठाया कदम



**विजयनगरम ( एजेंसी )।** आंध्र प्रदेश के विजयनगरम से सांसद के अप्पाला नायडू को बेटियों से अथाह प्रेम है। वे चाहते हैं कि हर घर में बेटी हो और खुशहाल रहे। इसके लिए उन्होंने एक नई पहल की है। उन्होने ऐलान किया है कि जिसके घर में तीसरी संतान बेटी होगी उसे 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। नायडू ने यह घोषणा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर की और कहा कि उनकी सफलता में महिलाओं का बड़ा योगदान रहा है, इसलिए वह बेटियों के लिए यह कदम उठा रहे हैं। अप्पाला नायडू का कहना है कि उन्हें अपनी जिंदगी में महिलाओं का काफी योगदान मिला है। उनकी मां, पत्नी, बहनें और बेटी ने हमेशा उनका साथ दिया है। इसलिए वो चाहते हैं कि लोग बेटी के जन्म पर भी उतनी ही खुशी मनाएं, जितनी बेटे के जन्म पर मनाते हैं। उन्होंने ये ऐलान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर किया। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की जनसंख्या बढ़ाने की अपील से वो काफी प्रेरित हुए हैं। इसलिए उन्होंने ये अनोखी पहल शुरू की है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र की प्रत्येक महिला को यह प्रस्ताव देने का वादा किया है। यह रकम फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा होगी। जब लड़की शादी लायक उम्र तक पहुंचेगी, तो ये रकम करीब 10 लाख रुपये तक हो सकती है।

# बिजनेस

### मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

## जेनसोल इंजीनियरिंग फंड जुटाने विचार करेगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (बीएसई-542851, एनएसी-जेनसोल), जो सौर ऊर्जा इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) सेवाओं और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में अग्रणी है, ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 13 मार्च 2025 को बैठक करेगा। इस बैठक में कंपनी फंड जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करेगी, जो कि इक्विटी शेयरों या अन्य योग्य प्रतिभूतियों (सिक्योरिटीज) को जारी करने के माध्यम से किया जाएगा। इसके अलावा, बोर्ड मौजूदा इक्विटी शेयरों के सब-डिवीजन/स्प्लिट पर भी विचार करेगा। दोनों प्रस्ताव नियामक/विधायी अनुमोदनों और कंपनी के शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन होंगे। इसके अलावा, कंपनी ने हाल ही में हुई क्रेडिट रेटिंग डाउनग्रेड को स्वीकार करते हुए कहा, रेटिंग में गिरावट शॉर्ट-टर्म लिक्विडिटी मिसमैच के कारण हुई है, जो ग्राहक भुगतान के माध्यम से सुधर रही है। हालांकि, हम इस डाउनग्रेड से जुड़ी चिंताओं को समझते हैं और अपने सभी हितधारकों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## फोर्स एनएक्सटी पसंदीदा ब्रांड बना

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रीमियम ब्रांड फोर्स एनएक्सटी ने आधुनिक पुरुषों के लिए इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावे (एक्टिववियर) का सबसे पसंदीदा ब्रांड बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह आराम, शैली और आत्मविश्वास का बेहतरीन संयोजन पेश करता है।फोर्स एनएक्सटीके नवीनतमटेलीविजन विज्ञापन (टीवीसी)में साहसिक नारा फॉर व्हाट्स एनएक्सटी प्रस्तुत किया गया है, जो यह दर्शाता है कि इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगी वस्त्र नहीं रह गये हैं, बल्कि व्यक्तिगत शैली, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं। इसटीवीसीका निर्देशन विशिष्ट फिल्मकारउजैर खानने किया है. यह एक अत्याधुनिक दृश्यात्मक प्रस्तुति है, जो आधुनिक जीवनशैली को दर्शाती है. इसमें दिखाया गया है किफोर्स एनएक्सटीकी श्रृंखला केवल एक आवश्यकता भर नहीं, बल्कि व्यक्तित्व को निखारने का एक स्टाइलिश माध्यम भी है।

## हिप-हॉप का सबसे बड़ा शो करेगा वापसी

**मुंबई ( एजेंसी )।** अब समय आ गया है अपने बेहतरीन डांस मूव्स दिखाने का, क्योंकि हिप हॉप इंडिया, भारत का पहला और एकमात्र हिप-हॉप डांस रियलिटी शो, अपने दूसरे सीजन के साथ अमेज़न की मुफ्त वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर वापसी कर रहा है। अपने पहले सीजन की जबरदस्त सफलता के बाद, दूसरा सीजन हिप-हॉप डांस फॉर्म को सेलिब्रेट करने के लिए तैयार है, जिसमें ग्रैविटी को चुनौती देने वाले परफॉर्मेंस, जबरदस्त डांस बैटल, भारत के अंडरग्राउंड हिप-हॉप वर्ल्ड की गहराइयों से जानने का मौका और दर्शकों के लिए एक नए स्तर का मनोरंजन शामिल होगा। स्ट्रीमिंग सेवा ने इस सीजन का धड़कन तेज कर देने वाले ट्रेलर का अनावरण किया, जिसमें दर्शकों को जबरदस्त टैलेंट और हिप-हॉप के लिए जुनून की झलक देखने को मिली। इस सीजन को मशहूर कोरियोग्राफर-डायरेक्टर रेमो डिसूजा और ग्लैमरस मलाइका अरोड़ा जज करेंगे। हिप हॉप इंडिया सीजन 2, 14 मार्च से सिर्फ अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर फ्री में स्ट्रीम होगा।

# बिटकॉइन के भाव में आई गिरावट क्रिप्टो बाजार के निवेशक हुए निराश

## ट्रंप ने अमेरिका के लिए एक स्ट्रैटेजिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने का आदेश दिया



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बिटकॉइन के भाव में सोमवार को भारी गिरावट देखने को मिली। यह गिरावट तब हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के लिए एक स्ट्रैटेजिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने का आदेश दिया है। इसके बाद बिटकॉइन की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है।

सोमवार को बिटकॉइन की कीमत 5.47 फीसदी गिरकर 81,712 डॉलर पर आ गई। यह रिजर्व उन बिटकॉइन से भरा जाएगा जो अपराधिक और सिविल केस में जब्त किए गए हैं। अमेरिकी सरकार का अतिरिक्त बिटकॉइन खरीदने की कोई योजना नहीं है। पिछले गुरुवार को इस रिजर्व की घोषणा के बाद, क्रिप्टो मार्केट में निवेशक निराश हो गए, क्योंकि सरकार ने इसके लिए बड़ा कदम नहीं उठाया। सोमवार को दूसरे क्रिप्टो करेंसीज जैसे ईथर और एक्सआरपी की कीमतें भी गिर गईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुबह 9ः43 बजे तक दोनों करेंसीज करीब 7.5 फीसदी नीचे चले गए। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि वह स्टेबलकॉइन्स के लिए नियम बनाने के प्रयासों का समर्थन करेंगे ताकि अमेरिकी डॉलर दुनिया की सबसे मजबूत करेंसी बना रहे। ट्रंप और क्रिप्टो जार डेविड सैक्स ने वाशिंगटन में क्रिप्टो उद्योग के बड़े लोगों के साथ बैठक की। इस बैठक में ट्रंप ने कहा कि मैं कांग्रेस के उन नेताओं का पूरा समर्थन करता हूं जो डॉलर-बैक्ड स्टेबलकॉइन्स और डिजिटल एसेट्स मार्केट के लिए नियम बनाने पर काम कर रहे हैं। अमेरिका ट्रेजरी सेक्रेटरी ने कहा कि वह बाइडेन सरकार के बनाए नियमों को अपडेट करने के लिए रेगुलेटर्स के साथ मिलकर काम करेंगे। ट्रंप ने बाइडेन सरकार पर अरबों डॉलर के बिटकॉइन बेचने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी सरकार ऐसा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में अमेरिकी सरकार ने बेवकूफी में हजारों बिटकॉइन बेच दिए थे, जिनकी कीमत अरबों डॉलर थी अगर उन्हें नहीं बेचा जाता तो आज स्थिति कुछ और होती।

## दुनियाभर में इस साल गेहूं उत्पादन बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इस साल दुनियाभर में गेहूं का उत्पादन 79.6 करोड़ टन पहुंचने की उम्मीद है, जो 2024 के लिए एक फीसदी से अधिक वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय संघ और अमेरिका में गेहूं की पैदावार में वृद्धि की संभावना है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में मौसम के प्रतिकूल प्रभाव के कारण उत्पादन पर असर देखा जा सकता है। धान उत्पादन में भी सकारात्मक संकेत हैं, जिससे 2024-25 में वैश्विक धान उत्पादन 54.3 करोड़ टन तक पहुंच सकता है। इस वृद्धि के पीछे भारत, कंबोडिया, और म्यांमार का योगदान है। हालांकि, खाद्य में गेहूं के उपयोग में कुछ कमी हो सकती है, लेकिन खाद्य और कारखानों में उपयोग बढ़ सकता है। वैश्विक अनाज भंडार की कमी के चलते 45 देशों की खाद्य सुरक्षा पर खतरा है, विशेष रूप से गाजा और सूडान में। संगठन ने चेतावनी दी है कि तीव्र खाद्य असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है और इस चुनौती से निपटने के लिए कठिन पहलू होंगे। इन खतरों के बीच, संयुक्त राष्ट्र और उनके सदस्य देशों को सहयोग करने की आवश्यकता है ताकि खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सुधार हो सके।

# सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 217 , निफ्टी 92 अंक नीचे आया



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक करीब 0.29 फीसदी गिरकर 74,115.17 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 92.20 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी टूटकर 22,460.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 22 शेयर गिरे जबकि 8 शेयरों में बढ़त रही। सेंसेक्स दिन के दौरान 74,741.25 के शीर्ष स्तर तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में बिकवाली का दबाव बढ़ने से सेंसेक्स 310.34 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी नीचे आकर 74,022.24 के निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी 92.20 अंक तकरीबन 0.41 फीसदी की गिरावट के साथ 22,460.30 पर खिसक गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर नीचे आये जबकि पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्युटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर उछले।

## नथिंग फोन 3ए की बिक्री 11 मार्च से शुरू

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नथिंग, लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी ने 11 मार्च से फ्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर नथिंग फ़ोन (3ए) सीरीज़ की ओपन सेल की घोषणा की है। पहले दिन एक विशेष शुरुआती ऑफ़र के रूप में, फ़ोन (3ए) 19,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा, और फ़ोन (3ए) प्रो 24,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) की कीमत पर उपलब्ध होगा। विगत 4 मार्च को नथिंग ने फ़ोन (3ए) सीरीज़ को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया, जिसके कैमरा में प्रमुख अपग्रेड शामिल हैं। फोन (3ए) में 50 एमपी का मेन सेंसर, सोनी का अल्ट्रा-वाइड सेंसर और 2एक्स ऑप्टिकल जूम वाला 50एमपी का टेलीफ़ोटो लेंस है, जबकि पेरिस्कोप कैमरा वाले फ़ोन (3ए) प्रो में 60एक्स अल्ट्रा जूम है। सेल्फ़ी के लिए, फ़ोन (3ए) में 32एमपीका फ्रंट कैमरा है, जबकि प्रो मॉडल में 4के वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 50एमपी का सेंसर है। दोनों फोनों में स्नैपड्रेगन 7एस जेन3 मोबाइल प्लैटफ़ॉर्म और 5000 एमएएच की बैटरी है जो एक बार फुल चार्ज होने पर दो दिन तक इस्तेमाल करने की सुविधा देती है। 50डब्ल्यू पर अपग्रेडेड फ़ास्ट चार्जिंग के साथ, फोन (3ए) सीरीज़ 20 मिनट से कम समय में पूरे दिन की पावर (50 प्रतिशत ) देती है। इसके अलावा, दोनों फोन में फुल एचडी+ रेज़ोल्यूशन के साथ 6.77 इंच का इमर्सिव डिस्प्ले है। स्क्रीन के हर इंच में 387 पिक्सल और फ़्लुइड 120 एचजेड अडैप्टिव रिफ्रेश रेट के साथ दृश्य स्पष्ट दिखते हैं।

## एसएस ने मंत्राएम का अनावरण किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के पहले और एकमात्र स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशन्स ने गुरूग्राम स्थित द लीला में दूसरे ग्लोबल एसएसआई मल्टी- स्पेशलिटी रोबोटिक सर्जरी कॉनफेरेन्स (एसएमआरएससी) 2025 का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में दुनिया भर से 1200 से अधिक प्रख्यात चिकित्सा पेशेवर शामिल हुए, जिन्हें इस मंच के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी की बदलावकारी क्षमता के बारे में जानने का अवसर मिला। एसएमआरएससी 2025 में की गई एक महत्वपूर्ण घोषणा के तहत एसएस इनोवेशन्स ने एसएसआई मंत्रा टेली-सिंक मोबाइल युनिट - एसएसआई मंत्राएम का अनावरण किया- अपनी तरह की अनूठी यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी और टेलीमेडिसिन में नया बदलाव लेकर आएगी। यह आधुनिक मोबाइल टेली- सर्जिकल युनिट चिकित्सा तकनीक के आधुनिकीकरण, चिकित्सा सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं को नया आयाम देने और आधुनिक सर्जिकल देखभाल की पहुंच बढ़ाने के लिए एसएस इनोवेशन्स की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके माध्यम से एसएस इनोवेशन्स मेड-टेक की सीमाओं को पार करने, सर्जिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने तथा रोबोटिक सर्जरी एवं हेल्थ टेक इनोवेशन्स में ग्लोबल लीडर के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## कैस्ट्रॉल इंडिया ने लांच किया अपना नया कैम्पेन

**मुंबई ( एजेंसी )।** देश के प्रमुख ल्युब्रिकेंट निर्माता, कैस्ट्रॉल इंडिया ने अपने टू-व्हीलर इंजन ऑयल ब्रैंड कैस्ट्रॉल एक्टिव के रीलॉन्च को सपोर्ट करने के लिए अपना दमदार मार्केटिंग कैम्पेन पेश किया है। इस प्रोडक्ट कोगाड़ी के इंजन को ओवरहीटिंग सेशानदार 3एक्स प्रोटेक शन देने के लिए बनाया गया है। इस प्रोडक्ट में किए गए अपग्रेड को ब्राण्ड एम्बेसडर शाहरुख खान के साथ अनेक चैनलों के माध्यम से दिखाने की कोशिश की गई है। टीवी विज्ञापन मेंशाहरुख खान एक पुलिस वाले की भूमिका में हैं और उन्हें राजस्थान के तपते रेगिस्तान मेंअपराधियों का पीछा करते हुए दिखाया गया है। जैसे ही अपराधियों का पीछा करने की गति तेज होती है, कैस्ट्रॉल एक्टिव इंजन ऑयल से चलने वाली शाहरुख खान की बाइक इतनी भयंकर गर्मी में भी चलती रहती है, जबकि अपराधियों की बाइक में साधारण इंजन ऑयल है, इसलिएज़्यादा गर्मी के कारण उनकी बाइक का इंजन गरम हो जाता है और वह रुक जाती है।कैस्ट्रॉल एक्टिव इंजन ऑयल भीषण गर्मी में भी इंजन को सुरक्षित रखता है। जिससे गाड़ी बिना रुके चलती रहती है। सुकेश नायक, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर ऑगिल्वी इंडिया,कहते हैं, कैस्ट्रॉल एक्टिव की कहानी आम होते हुए भी बेहद दमदार है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 41 पैसे की गिरावट के साथ ही 87.36 रुपये पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 30 पैसे गिरकर 87.25 पर आ गया। अमेरिकी मुद्रा के छह महीने के निचले स्तर से उबरने और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, इससे भी रुपया गिरा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में आई कमजोरी और विदेशी कोषों की लगातार निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ा है जिससे वह टूटा है। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण रुपये को कुछ कुछ समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.24 पर कमजोर खुला और शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले 87.25 पर आ गया, जो पिछले बंद स्तर से 30 पैसे की गिरावट को दिखात है।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### खिताबी जीत के बाद विराट ने शमी की मां के छुए पैर



**दुबई ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और पूरी टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद खुशी मनाती दिखी। इसी बीच के एक भावुक पल का वीडियो भी सोशल मीडिया में सामने आया है। इसमें विराट तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की मां अंजुम आरा के पैर छूते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो पुरस्कार वितरण समारोह के बाद का है। विराट ने अपनी इस विनम्रता से क्रिकेट प्रशंसकों का दिल भी जीत लिया। विराट हालांकि फाइनल में रन नहीं बना पाये पर भारतीय टीम की जीत में उनका अहम योगदान रहा। विराट ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में जहां शतक लगाया था। वहीं सेमीफाइनल में अर्धशतक लगाया था। टीम इंडिया ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, और यह जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक और बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया, और कोहली का शमी की मां के प्रति सम्मान दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट टीम में खिलाड़ी सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि एक दूसरे के परिवार के प्रति भी बेहद सम्मान की भावना रखते हैं। इस जीत के बाद भारत के क्रिकेटप्रेमियों में उत्साह की लहर दौड़ गई है।

### ओलंपिक खेलों की मेजबानी का भारत का दावा मजबूत : सेबेस्टियन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सेबेस्टियन को ने कहा है साल 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है हालांकि कई और देशों के होने से मेजबानी की प्रतिस्पर्धा कठिन होगी।भारतीय ओलंपिक संघ ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है।



सेबेस्टियन ने कहा, मुझे खुश है कि भारत ओलंपिक खेलों का आयोजन करना चाहता है। उन्होंने कहा, मेजबानी हासिल करना हालांकि आसान नहीं होगा क्योंकि कई अन्य देश भी मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं। बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है। भारत के अलावा पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र ने भी साल 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा जतायी है। 2036 खेलों के मेजबान देश का फैसला अगले साल ही आयेगा। नए आईओसी प्रमुख के चुनाव 20 मार्च को होगे। इसी के बाद मेजबान का चयन होगा।सेबेस्टियन ने कहा कि अगर भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो भी उसे निराश नहीं होना चाहिये और आगे के लिए प्रयास जारी रखने चाहिये।

### लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाड़ी पहुंचे राजधानी, इकाना में एक सप्ताह तक चलेगा कैंप



**लखनऊ ( एजेंसी )।** यूपी की राजधानी लखनऊ में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के धूमधड़ाके के बाद अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का माहौल बनना शुरू हो गया है। इस कड़ी में लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) टीम प्रबंधन के सदस्यों के अलावा कुछ खिलाड़ी लखनऊ पहुंच चुके हैं। टीम मंगलवार से अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में कैंप शुरू कर देगी, जो बीस मार्च तक चलेगा। होली यानी 14 मार्च के बाद टीम के सभी प्रमुख खिलाड़ी लखनऊ पहुंच जाएंगे। यहां एक सप्ताह तक चलने वाले अंतिम कैंप में भाग लेंगे। सोमवार को एलएसजी के सहायक कोच विजय दहिया के अलावा अब्दुल समद, युवराज चौधरी, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, राजवर्धन हेंगरगेकर और सिद्धार्थ एम शहर पहुंच चुके हैं, जबकि कुछ विदेशी खिलाड़ियों के सोमवार रात अथवा मंगलवार सुबह पहुंचने की संभावना है। ये सभी खिलाड़ी इकाना स्टेडियम में अपनी कैंप की रणनीति बनाएंगे। अभी तक पहुंचे चुके खिलाड़ियों की होली लखनऊ में ही मनेगी। बीते दिनों डब्ल्यूपीएल के चार मुकाबलों को बने रनों को आधार माना जाए तो इस बार आईपीएल में रनों की बारिश होनी तय है। बीता सत्र भी रनों के लिहाज से शानदार रहा था, लेकिन इस बार होने वाले सात मुकाबलों में पिछली बार की तुलना में और भी रनों के बनने की संभावना है।

### तुलसी और श्रेया ने जीते स्वर्ण सीनियर वर्ग में आगरा का दबदबा

**लखनऊ ( एजेंसी )।** यूपी की राजधानी लखनऊ की तुलसी यादव और श्रेया शर्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन से अस्मिता खेलो इंडिया सिटी ताइक्वांडो लीग में सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सीनियर वर्ग में आगरा की खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। उन्होंने कुल चार स्वर्ण पदक हासिल किए। मैच केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में शनिवार को जूनियर वर्ग के मुकाबलों के बाद सीनियर वर्ग के भी रोमांचक मुकाबले खेले गए। समापन समारोह में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। सीनियर अंडर 49 किग्रा में मथुरा की विशाखा ने स्वर्ण, आगरा की वानी सिंह ने रजत और यूपीटीए की अनामिका वर्मा व फर्रुखाबाद की भूमि तिवारी ने कांस्य पदक जीते। सीनियर अंडर 53 किग्रा में लखनऊ की तुलसी यादव ने स्वर्ण, लखनऊ की समीक्षा पासवान ने रजत और बरेली की निष्ठा गिहार व कानपुर की वंदना शर्मा ने कांस्य पदक जीते। सीनियर अंडर 57 किग्रा में आगरा की प्रीति बघेल ने स्वर्ण, सुल्तानपुर की साक्षी ने रजत, मथुरा की मीनू व लखनऊ की मनीष्का सिंह ने कांस्य पदक जीते। सीनियर अंडर 62 किग्रा में यूपीटीए की सरोजनी सिंह ने स्वर्ण, फर्रुखाबाद की श्रद्धा त्रिपाठी ने रजत और गोरखपुर की निशा श्रीवास्तव व यूपीटीए की कनिका रावत ने कांस्य पदक जीते।

# आईसीसी ने टूर्नामेंट की टीम घोषित की, चैंपियन भारतीय टीम से छह खिलाड़ी, रोहित को जगह नहीं

## भारत ने रोहित की ही कप्तानी में आठ महीने के अंदर लगातार दूसरी आईसीसी खिताब जीता

**दुबई (एजेंसी)।**



आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम ऑफ द टूर्नामेंट घोषित की है जिसमें विजेता भारतीय टीम के सबसे ज्यादा छह खिलाड़ियों को जगह मिली है। भारत ने रविवार को खेले गए फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को हराकर 12 साल बाद इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था। भारत के भले ही छह खिलाड़ी इस टीम में जगह बनाने में सफल रहे, लेकिन रोहित शर्मा को इस टीम का कप्तान नहीं बनाया गया है। भारत ने रोहित की ही कप्तानी में आठ महीने के अंदर लगातार दूसरी आईसीसी खिताब अपने नाम की थी। दिलचस्प बात यह है कि रोहित को इस टीम में जगह नहीं मिली है। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम घोषित की है जिसका कप्तान न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर को बनाया है। सैंटनर की टीम उपविजेता रही थी। आईसीसी की इस टीम में भारत से विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती और 12वें खिलाड़ी के रूप में अक्षर पटेल शामिल हैं। भारत के अलावा उपविजेता न्यूजीलैंड टीम से रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर और मैट हेनरी को जगह मिली है। वहीं, अफगानिस्तान के दो खिलाड़ी भी टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान और अजमातुल्लाह ओमरजई टीम का हिस्सा बने हैं। मेजबान पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया टीम से एक भी खिलाड़ी इस टीम में जगह नहीं बना सका है। वहीं, इंग्लैंड और बांग्लादेश से भी किसी खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे और उन्होंने 62.75 के औसत से 251 रन बनाए थे जिसमें दो शतक शामिल हैं। हालांकि, वह फाइनल में भारत के खिलाफ बड़ा स्कोर नहीं बना सके थे। आईसीसी की टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर जगह बनाने में सफल रहे जादरान ने इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन बनाए थे जो टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। वहीं, भारत के विराट कोहली ने 218 रन बनाए जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। कोहली ने टूर्नामेंट के दौरान वनडे में 14000 रन भी पूरे किए थे। भारतीय मध्यक्रम की मजबूत कड़ी रहे श्रेयस अय्यर ने पांच मैचों में 48.6 के औसत से 243 रन बनाए जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। वह टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। विकेटकीपर के रूप में राहुल को ही चुना गया है जिन्होंने 140 के औसत से 140 रन बनाए हैं। राहुल का टूर्नामेंट में सर्वोच्च निजी स्कोर नाबाद 42 रन रहा। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 177 रन बनाने और दो विकेट लेने के अलावा पांच कैच भी पकड़े। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमातुल्लाह ओमरजई ने 126 रन बनाए और सात विकेट भी झटके जिसमें एक फाइव विकेट हॉल शामिल हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कप्तानी के साथ गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया।

# जीत के बाद कप्तान रोहित व कोहली और जडेजा ने परिवार के साथ मनाया जश्न

## अनुष्का, रोहित की पत्नी रितिका और बेटी समायरा भी स्टेडियम में मौजूद थे




**दुबई ( एजेंसी )।**

भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले के लिए कई स्टार भारतीय क्रिकेटरों का परिवार भी दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद था। इनमें रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा शामिल हैं। इन तीनों जीत के बाद परिवार के साथ जश्न मनाया। इसकी तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए हैं। न्यूजीलैंड के 252 रन के लक्ष्य को भारत ने 49 ओवर में चार विकेट रहते हासिल कर लिया। मैच देखने के लिए विराट की पत्नी अनुष्का, रोहित की पत्नी रितिका और बेटी समायरा और जडेजा की पत्नी रिवाबा और बेटी निध्याना भी स्टेडियम में मौजूद थे। टीम इंडिया की जीत के बाद विराट ने अनुष्का को गले लगा लिया। वहीं, रोहित डग आउट के पास रितिका और समायरा के साथ खुशियां मनाते दिखे। वहीं, अनुष्का भी मौजूद थीं। रोहित ने अनुष्का को भी गले लगाया और दोनों के बीच हंसी मजाक हुआ। वहीं, जडेजा बेटी निध्याना को गोदी में उठाकर मैदान में घूमते दिखे। इस दौरान कुलदीप यादव ने निध्याना को दुलार भी किया। अनुष्का ने विराट के सिर पर हाथ भी फेरा। दोनों काफी क्यूट दिख रहे थे। फैंस ने सोशल मीडिया पर यहां तक लिखा कि ऐसा लग रहा दोनों अभी तक एक दूसरे को डेट कर रहे। जीत के बाद रोहित और विराट विकेट से डांडिया खेलते भी दिखे। दोनों ने एकदूसरे को गर्मजोशी से गले लगाया, जिसे देखकर फैंस बेहद खुश हैं।

# आईपीएल 2025 के बाद 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी भारत ए टीम

## इस दौरे में उसका मुकाबला इंग्लैंड लायंस की टीम से होगा

**मुम्बई ( एजेंसी )।**



भारत-ए टीम आईपीएल 2025 के बाद तीन 4-दिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड जाएगी। इस दौरे में उसका मुकाबला इंग्लैंड लायंस की टीम से होगा। इससे इसमें शामिल खिलाड़ियों के पास बेहतर प्रदर्शन कर जून में होने वाले भारतीय टीम के टेस्ट दौरे के लिए अपना दावा पेश करने का अच्छा अवसर होगा।

भारत ए की टीम यह दौरा 25 मई से 20 जून के बीच चल सकता है, हालांकि अभी इसकी तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। 25 मई को आईपीएल का फ़ाइनल मुक़ाबला होगा, जबकि 20 जून से टेस्ट सीरीज़ की शुरुआत होगी। भारतीय बल्लेबाज़ टेस्ट मैचों के अलावा मुश्किल से ही कोई लाल गेंद की क्रिकेट खेलते हैं। कुछ नियमित टेस्ट खिलाड़ी भी इस इंडिया ए के दौरे पर जा सकते हैं जिससे कि आगामी इंग्लैंड दौरे के लिएस अपनी दावेदारी पक्की की जा सके। भारत-इंग्लैंड एकदिवसीय सीरीज़ शुरू होने से पहले एक रणजी ट्रॉफ़ी मुक़ाबला खेला जाएगा उसमें भी ये बल्लेबाज़ लाल गेंद की क्रिकेट का अभ्यास कर सकते हैं। बीसीसीआई ने अपने बल्लेबाज़ों को संदेश दिया है कि वह इस सीरीज़ को चयन का एक पैमाना मानें।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पहली पसंद नहीं थे वरुण ऐन वक्त पर मिला मौका, ट्रंप कार्ड साबित हुए

## टूर्नामेंट में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे वरुण

**दुबई ( एजेंसी )।**




वरुण चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए कितने उपयोगी साबित हुए इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि वह टूर्नामेंट में देश के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। वरुण ने तीन मैचों में नौ विकेट लिए और गोल्डन बॉल की दौड़ में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी के बाद दूसरे स्थान पर रहे। मिस्ट्री स्पिनर के नाम से मशहूर वरुण चक्रवर्ती को चैंपियंस ट्रॉफी के भारतीय टीम में लेना मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ। भारत ने रविवार को न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता जिसमें वरुण का भी अहम योगदान रहा। ये वही वरुण हैं जिन्हें शुरुआत में इस टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन अंतिम समय में भारत ने बदलाव करते हुए वरुण को जगह दी थी। न्यूजीलैंड ने भारत के सामने जीत के लिए 50 ओवर में 252 रनों का लक्ष्य रखा था जिसे भारतीय टीम ने चार विकेट शेष रहते जीता। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा के 83 गेंदों पर 76 रनों की पारी के दम पर 49 ओवर में छह विकेट पर 254 रन बनाकर जीत दर्ज की थी। भारत ने इस तरह 2013 के बाद इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की और पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद लगातार दूसरा आईसीसी खिताब जीता। वरुण चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए कितने उपयोगी साबित हुए इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि वह टूर्नामेंट में देश के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। वरुण ने तीन मैचों में नौ विकेट लिए और गोल्डन बॉल की दौड़ में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वरुण के अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी इतने ही विकेट लिए। वरुण पहले दो मैच में नहीं खेले और न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्हें मौका मिला। वरुण को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण के अंतिम मैच में हर्षित राणा की जगह खेलने का मौका मिला था।

# चैंपियंस ट्रॉफी के पुरस्कार समारोह में पीसीबी का प्रतिनिधि नहीं होने पर बढ़ा विवाद, शिकायत दर्ज करेगा पाक बोर्ड

## सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी के टूर्नामेंट निदेशक सुमैर अहमद सैयद को अनदेखा किया गया

**कराची ( एजेंसी )।**



विजेता टीम को ट्रॉफी आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने दी थी और इस दौरान पीसीबी का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। पुरस्कार वितरण समारोह में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने भारतीय खिलाड़ियों को सफेद कोट और मैच अधिकारियों को पदक प्रदान किए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रतिनिधि को चैंपियंस ट्रॉफी के पुरस्कार समारोह में नहीं बुलाए जाने पर विवाद बढ़ गया है। पीसीबी आईसीसी से इस बात का विरोध दर्ज करेगा कि दुबई में समारोह के दौरान उसके सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी के टूर्नामेंट निदेशक सुमैर अहमद सैयद को अनदेखा किया गया। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया है कि समारोह के दौरान अहमद को मंच पर नहीं बुलाए जाने के आईसीसी के स्पष्टीकरण से चेयरमैन मोहसिन नकवी संतुष्ट नहीं हैं। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था और 12 साल बाद खिताब अपने नाम किया था। पीसीबी इस टूर्नामेंट का मेजबान था, लेकिन भारत के पाकिस्तान जाने से इन्कार करने के बाद आईसीसी ने भारत के सभी मैच दुबई में कराने का फैसला किया था जिसमें फाइनल भी शामिल था। विजेता टीम को ट्रॉफी आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने दी थी और इस दौरान पीसीबी का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। पुरस्कार वितरण समारोह में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने भारतीय खिलाड़ियों को सफेद कोट और मैच अधिकारियों को पदक प्रदान किए।

# पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने की उम्मीद

## हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट ढांचे को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे

**जोहानिसबर्ग ( एजेंसी )।**



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि उनकी टीम अपनी मेजबानी में साल 2027 में होने वाले विश्वकप से पहले ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत सकती है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अगले तीन साल में हम स्टेडियमों, पिचों और अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर करने के प्रयास जारी रखेंगे जिससे 2027 एकदिवसीय विश्व कप को जीता जा सके। दक्षिण अफ्रीका का सामना डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से होगा। ये पहली बार है जब दक्षिण अफ्रीकी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची है। स्मिथ ने उन बातों को अधारहीन बताया है जिसमें कहा गया कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का दक्षिण अफ्रीका का सफर आसान रहा है। उन्होंने कहा कि आजकल क्रिकेट में कोई सफर आसान नहीं होता। शुरू ही से सभी टीमों को पता था कि किसे किससे खेलना है। दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीतकर क्वालीफाई किया है। सभी को टेस्ट इकोसिस्टम देखना चाहिए कि वह कैसे काम करता है। वहीं लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर स्मिथ ने कहा कि टी20 क्रिकेट का बढ़ना तय है पर सभी सदस्य देशों को मिलकर ऐसा मॉडल बनाना होगा कि बाकी प्रारूप भी सुरक्षित रहें। साथ ही कहा कि, 'मैं चाहता हूं कि टेस्ट क्रिकेट मजबूत रहे और अगर छह सात देशों में भी रह गया तो काफी प्रतिस्पर्धी होगा और मजबूत भी बना रहेगा।

# कप्तान के तौर पर जीत प्रतिशत के मामले में सबसे आगे हैं रोहित शर्मा, पोंटिंग-कोहली भी रह गए पीछे

## रोहित भारत के लिए एक से अधिक आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले दूसरे कप्तान बन गए

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**




भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा देश के सबसे सफल कप्तान में से एक हैं। भारत ने उनके नेतृत्व में पिछले कुछ समय से शानदार प्रदर्शन किया है और आठ महीने के भीतर दूसरा आईसीसी खिताब जीतने में सफल रहा है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए पिछले साल टी20 विश्व कप जीता था और अब चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम ने लगातार पांच जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। रोहित चैंपियंस ट्रॉफी जीतते ही पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के विशेष क्लब में शामिल हो गए थे। रोहित भारत के लिए एक से अधिक आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले दूसरे कप्तान बन गए। भारत को अपनी कप्तानी में सबसे ज्यादा आईसीसी खिताब दिलाने का रिकॉर्ड महेंद्र सिंह धोनी के नाम है जिन्होंने तीन आईसीसी ट्रॉफी जीती है। रोहित ने इस मामले में सौरव गांगुली और कपिल देव को पीछे छोड़ा था जिनकी कप्तानी में भारत ने एक-एक आईसीसी खिताब जीते हैं। रोहित तीसरे ऐसे भारतीय कप्तान हैं जिसने चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। रोहित का बल्ला वनडे प्रारूप में जमकर चलता है और ऐसा ही इस बार भी देखा गया। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले रोहित के बल्ले से बड़ी पारी नहीं निकली थी, लेकिन समय पर कप्तान ने बल्ले से अपना दम दिखाया। रोहित शर्मा ने 41 गेंद में वनडे करियर का 58वां अर्धशतक लगाया और खिताबी मैच में अपना दम दिखाया। रोहित ने इसके साथ ही शुभमन गिल के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी की और भारत की जीत की नींव रखी। वह 83 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुए।

# जूनियर विश्वकप हॉकी में अच्छा प्रदर्शन करना है लक्ष्य : राणा

## सीनियर टीम की ओर से सफल पदार्पण से भी साक्षी के हौंसले बुलंद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**




भारतीय महिला हॉकी टीम की युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा का लक्ष्य जूनियर विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करना है। हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम की ओर से सफल पदार्पण से भी साक्षी के हौंसले बुलंद हैं। जूनियर विश्वकप इस साल के अंत में चिली में होगा। साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में ही गोल किया था जबकि भारतीय

टीम ये मुकाबला 3-4 से हार गयी थी। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी इसलिए टीम में जगह पाकर उत्साहित हूं। मैं मैच से पहले दबाव में नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन कर कहा था कि निडर होकर खेलना। उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य पहले मैच में गोल करने का था। मैने जब गेंद पाई तो देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं है। मैने शॉट लगाया और गोल हो गया। । साक्षी ने कहा, 'मैने हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेला तो मुझे पता चला कि रफ्तार कितनी जरुरी है। मुझे फॉरवर्ड पंक्ति में होने के कारण मैदान पर अपनी रफ्तार अधिक से अधिक बढ़ानी होगी। इसलिए अब मैं इसी पर काम कर रही हूं।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### ग्रीष्मकालीन मूंग में कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक का उपयोग कम करें: कंषाना

**भोपाल।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसान ग्रीष्मकालीन मूंग में कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवाईयों का उपयोग कम करें। प्रदेश में लगभग 14.39 लाख हेक्टेयर में तीसरी फसल के रूप में ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल ली जा रही है, जिसका उत्पादन 20.29 लाख मेट्रिक टन एवं औसत उत्पादकता 1410 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है। ग्रीष्मकलीन मूंग की खेती मुख्यत: नर्मदापुरम, जबलपुर एवं भोपाल संभाग में की जाती है। ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती से किसानों की आय में वृध्दि हुई है, परंतु इसमें कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवा का उपयोग अधिक किया जा रहा है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि फसल को जल्द पकाने के लिये खरपतवारनाशक दवा (पेराक्वाट डायक्लोराइड) का भी उपयोग अधिक हो रहा है, इन कीटनाशक / खरपतवारनाशक दवा के अंश मूंग फसल में शेष रह जाते हैं, जो कि सेहत के लिए हानिकारक हैं। कृषि मंत्री कंषाना ने सभी किसान भाईयों से अपील है कि ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल में कीटनाशक/खरपतवारनाशक दवा का उपयोग कम से कम करें, जिससे मानव शरीर पर इसका दुष्प्रभाव कम हो।

### शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

**भोपाल।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आमजनों को भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करना आवश्यक है। कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, ताकि शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते होती हैं। जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आपको पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, ताकि शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके। यदि विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, 'उपाय' ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में अवश्य दें। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच इत्यादि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें। मानव जीवन अमूल्य है। बिजली के स्विच, सॉकिट, बिजली उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रखें।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माता सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक माता सावित्री बाई ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत के शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्रीमती सावित्री बाई फुले ने बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए प्रथम विद्यालय की स्थापना की एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के बालक-बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परामार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक श्रीमती प्रियंका पैची, श्रीमती झूमा डॉ. ध्यान सिंह सोलंकी एवं राजेन्द्र भारती, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत वरवड़े उपस्थित थे। बैठक में महाविद्यालयों में छात्रों एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, महाविद्यालयों में नये संकाय शुरू करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, जन-भागीदारी समितियों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के सुझाव विधायकों ने दिये। बैठक में शिक्षकों के प्रशिक्षण, पदोन्नति, वेतन वृद्धि, स्थायीकरण, प्रौद्योगिकी उपयोग, स्थानांतरण प्रकिया, शिकायत निवारण समितियां और संसाधन बैंक बनाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# मुख्यमंत्री, नरेन्द्र सिंह तोमर को विधायक पांडेय ने सौंपा प्रयागराज से लाया गंगा जल का कलश

## प्रदेश के सुख, समृद्धि और विकास के लिए मां गंगा से प्रार्थना करता हूं : डॉ अभिलाष पांडे

**भोपाल।** आज मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले दिन जबलपुर उत्तरमध्य के विधायक डॉ.अभिलाष पाण्डेय प्रयागराज महाकुंभ के संगम तट से लाए गए माँ गंगा के पावन जल का कलश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव जी एवं कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को प्रदान किया।इस पुण्य कार्य ने मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रथम दिवस को आध्यात्मिक बना दिया।



इसके साथ ही डॉ अभिलाष पांडे ने विधानसभा में अन्य सभी मंत्री ,विधायक एवं विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी मां गंगा का पवित्र गंगाजल प्रदान किया।

गौरतलब है कि जबलपुर उत्तर मध्य विधायक डॉ अभिलाष पांडेय पिछले सात दिनों से अपनी विधानसभा मैं प्रयागराज महाकुंभ से लाया गंगा जल वितरण कर रहे है विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र उत्तर मध्य विधानसभा जबलपुर मैं कुष्ठ रोगी आश्रम, वृद्ध आश्रम, अनाथ आश्रम, केंद्रीय जेल, हॉस्पिटल सहित लगभग पचास हज़ार घर तक गंगा जल स्वयं ने वितरण किया।

विधानसभा के पहले दिन गंगाजल का वितरण एक शुभ और सकारात्मक शुरुआत का प्रतीक साबित होगा। सांस्कृतिक महत्व का यह अनुकरणीय कार्य मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को दर्शाता है साथ ही युवा विधायक की सनातन परम्परा , संस्कृति,संस्कार एवं गंगा मैया के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाता है।

डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि आज से शुरू होने वाला विधानसभा का सत्र प्रदेश के सुख, शांति ,समृद्धि और विकास के लिए नए आयाम स्थापित करे ऐसी मां गंगा से प्रार्थना करता हूं और सभी सुखी और निरोगी रहें इसलिए मां गंगा के आशीर्वाद स्वरूप गंगाजल को लेकर आया हूं कुंभ के समय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में पूरे मध्यप्रदेश में सेवा,सत्कार और आतिथ्य के भाव के साथ सभी कुंभ जाने वालों का स्वागत किया है उसके लिए भी मैं मुख्यमंत्री का अभिनंदन और आभार करता हूं।

### मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स सेक्टर में नए निवेश की बढ़ी संभावनाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आ रहा है। देश के केंद्र में स्थित होने के कारण यह प्रदेश उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम के व्यापार मार्गों को सुविधाजनक रूप से जोड़ते हुए एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभर रहा है। आधुनिक बुनियादी ढांचे, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और उद्योग समर्थक नीतियों के कारण प्रदेश निवेशकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोल रहा है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में की जा रही रणनीतिक पहलों से मध्यप्रदेश अब सिर्फ ट्रांजिट पॉइंट नहीं, बल्कि पूरे भारत की आपूर्ति श्रृंखला का एक मजबूत आधार बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के हब के रूप में उभर रहा है। अपनी भौगोलिक स्थिति, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और उद्योग अनुकूल नीतियों के कारण यह प्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं इसे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। प्रदेश में लॉजिस्टिक्स को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों का तेज़ी से विस्तार किया गया है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, उत्तर-दक्षिण फ्रेट कॉरिडोर और भारतमाला परियोजना प्रदेश को लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रही हैं। इंदौर और भोपाल में विकसित हो रहे मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) व्यापार को आसान और लागत प्रभावी बना रहे हैं।

# अलीराजपुर के लोगों के चेहरे का निखार उनके आत्म-विश्वास को देखकर मन गदगद है: विजयवर्गीय

## भगोरिया महोत्सव में शामिल होना मेरे लिये गर्व की बात



**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि अलीराजपुर आकर भगोरिया महोत्सव में शामिल होकर में गर्व का अनुभव कर रहा हूँ। भगोरिया महोत्सव में उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरे का निखार उनके आत्मविश्वास को देखकर मन गदगद है।

अलीराजपुर ने पिछले 20 वर्षों में तरक्की की नई ऊँचाईयों को छूआ है। आज लोगों के पक्के मकान है, घर-घर तक जल पहुंच रहा है, आज जिले के किसान साल में 3ङ्क3 फसलें लें रहे है, ये स्थिति पिछले 20 वर्षों में बदली है। मंत्री विजयवर्गीय ने आज यह बात आज भगोरिया महोत्सव में शामिल होने के बाद कहीं।

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों को धरातल तक लाने के लिए मंत्री नागर सिंह चौहान ने मेहनत की है। उन्होंने बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से अलीराजपुर आ रहे है। राज्य सरकार के प्रयासों से पलायन पहले की तुलना में कम हुआ है, सम्पन्नता बढ़ी है और जनजातीय अंचल के नागरिकों के अंदर आत्म-विश्वास का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के भगवान बिरसा मुंडा के योगदान एवं कार्यों को विश्व स्तर तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार किया जा रहा है।

भगोरिया महापर्व उल्लास के साथ मनाया जाता रहे इसके लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। भगोरिया महापर्व में मंत्री विजयवर्गीय एवं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल का स्वागत जनजातीय संस्कृति को परिलक्षित करती हुई जैकेट और साफा पहनाकर मंत्री नागर सिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान द्वारा किया गया।

# शिवाजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का राजेन्द्र शुक्ल ने किया शुभारंभ



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व कौशल को भी विकसित करता है। प्रदेश सरकार युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने और खेल अधोसंरचना को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अंकुर खेल मैदान, भोपाल में शिवाजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और शुभकामनाएँ दीं। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. विपिन तिवारी ने बताया कि शिवाजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन लगातार सात वर्षों से किया जा रहा है और इसे खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और दर्शकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस प्रतियोगिता में 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें चिकित्सकों और वकीलों की टीम भी शामिल हैं।



सिरोंज क्षेत्र के विधायक मा.उमकान्त शर्मा जान सेवा में अग्रणीय रहते हैं।आज क्षेत्र के दिव्यांग जन के साथ श्री शर्मा ने श्री ए पी सिंह,प्रमुख सचिव विधान सभा से भेंट कर चर्चा की तथा दिव्यांगजन को विधान सभा कार्यवाही का अवलोकन कराया।

# ग्रामीण समूहों की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन खंडवा की पहल

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हुआ ''नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम''

**भोपाल।** जिला प्रशासन खंडवा द्वारा म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत जिले की विभिन्न ग्रामीण महिलाओं को जिला पंचायत खंडवा द्वारा ई-रिक्शा चलाने के लिये सर्वप्रथम लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। साथ ही ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खंडवा में आयोजित ''नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम'' में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने हरी झण्डी दिखाकर दीदियों के सपनों को उड़ान देते हुए ई-रिक्शा वितरित किये गये।



महिला सशक्तिकरण की दिशा में जिला पंचायत खंडवा की मंशा है कि जब महिलाएं ई-रिक्शा चलाएंगी तो उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। वहीं दूसरी ओर बाजार में महिला यात्रियों को सुरक्षित परिवहन के वाहन भी उपलब्ध होंगे। महिला अपने बलबूते पर परिवार का पालन पोषण कर सकेंगी।प्रोजेक्ट के तहत चयनित महिलाओं को उनकी पसंद का ई-रिक्शा लेने के लिए उनके माध्यम से ही मार्केट सर्वे किया गया एवं उपलब्ध तीन मॉडलों का सर्वे कर उन्होंने आपस में बैठक कर मॉडल का चुनाव किया और एक सहमति बनाते हुए समूह से ऋण लेकर रिक्शा क्रय करने का निर्णय लिया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिले में किए जा रहे नवाचार के तहत ई-रिक्शा संचालन ग्रामीण समूह की महिलाओं ने योजना बनायी। एक महीने पहले महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस के आवेदन कराए गए थे।

इन ई-रिक्शा में पेनिक बटन एवं जीपीएस ट्रेकिंग जैसे सिस्टम भी लगाये गये है। जिससे महिलाएं ई-रिक्शा चलाते समय स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगी, ये महिलाएं खण्डवा शहर सहित तीर्थनगरी ओंकारेश्वर, पुनासा, पंधाना, खालवा, हरसूद के ग्रामीण क्षेत्रों में ई-रिक्शा चलायेंगी एवं इन दीदियों को शासन द्वारा शासकीय एवं अर्द्धशासकीय स्कूलों से अनुबंधित करवाया जाएगा।

# अटल जी की जन्मशताब्दी वर्ष पर नेतागणों ने किए अनुभव सांझा

## अटलजी के साथ कार्य करने वाले नेताओं का किया सम्मान-रविन्द्र यति



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मशताब्दी वर्ष पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'अटल विरासत सम्मेलन' एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी, जिला अध्यक्ष रविंद्र यती, महापौर श्रीमती मालती राय उपस्थित थीं। भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यती ने सम्मेलन एवं संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक मात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो कार्यकर्ताओं और विचार आधारित दल है। चाहे कोई जनप्रतिनिधि हो या पदाधिकारी, संगठन के प्रति उनका कार्यकर्ता भाव सदैव वंत रहता है। यही कारण भी है कि भाजपा संगठन को देश भर में एक आदर्श संगठन की दृष्टि से देखा जाता है।

# महादेव की होली की तैयारियां तेज

## पंडित प्रदीप मिश्रा भक्त-हुरियारों के साथ खेलेंगे रंग गुलाल



**सीहोर।** महादेव की होली इस वर्ष 15 मार्च शनिवार को मनाई जाएगी। इसको लेकर सीहोर नगर में जोरदार तैयारियां चल रही हैं। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में महादेव की होली पर विशाल चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगा। इसमें बड़ी संख्या में सीहोर सहित देशभर के भक्त और हुरियारे सम्मिलित रहेंगे।

पंडित मिश्रा ने परम्पराओं को पुन- जीवित करते हुए सभी भक्तों से होली के दूसरे दिन भगवान महादेव का आशीर्वाद लेने की बात कही है। गत कुछ वर्षों से महादेव की होली की परम्परा शुरू करते हुए आपने कहा है कि पहले दिन गमी की होली के बाद हमें दूसरे दिन सबसे पहले भगवान महादेव के साथ होली खेलना चाहिए। उन्हें रंग-अबीर-गुलाल लगाकर, एक लोटा सुगंधित केसरिया जल चढ़ाकर उनसे आशीर्वाद लेना चाहिए ताकि वर्ष भर परिवार खुशहाल रहें। इसके बाद सबके साथ होली खेलना चाहिए।

इस वर्ष भी पारम्परिक रूप से महादेव की होली पर विशाल चल समारोह प्रात- 9 बजे से श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होगा। जो बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर जाकर समाप्त होगा। पंडित प्रदीप जी मिश्रा भगवान भोलेनाथ को केसरिया सुगंधित जल चढ़ाकर भोलेनाथ से सभी भक्तों और देश की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगेगे। श्री विट्ठलेश सेवा समिति के प्रमुख पंडित समीर शुक्ला और विनय मिश्रा ने बताया कि महादेव की होली चल समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस वर्ष अनेक नृत्य करती आदिवासी कलाकारों की मण्डलियॉ सहित गुलाल उड़ाती मशीनें और भी अनेक आकर्षण रहेंगे।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

## स्व. माधवराव सिंधिया की 80वीं जयंती पर भजन संध्या में हुए शामिल



**भोपाल।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. माधवरावसिंधिया की 80वीं जयंती पर सोमवार को सिंधियापरिवार के छत्री परिसर में स्व. माधराव सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलिअर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादवभजन संध्या में भी शामिल हुए। उन्होंनेभजन संख्या में उपस्थित धर्मगुरुओं एवं संतजन का सम्मान भी किया।

मुख्यमंत्रीडॉ. यादव के साथ केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्यसिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर व सांसदवी.डी. शर्मा ने भी स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

भजन संध्यामें जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्रीनारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्तिमंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायकमोहन सिंह राठौर, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, श्रीअनूप मिश्रा, रामनिवास रावत, श्रीमती माया सिंह, ध्यानेन्द्र सिंह, श्रीप्रभुराम चौधरी, श्रीमती इमरती देवी एवं हितानंद शर्मा, जय प्रकाश राजौरिया, प्रेम सिंह राजपूत, सहित अन्य जनप्रतिनिधिएवं बड़ी संख्या में ग्वालियर-चंबल संभाग के नागरिक शामिल हुए।

# 11 से 13 मार्च तक लगाए जाएंगे फार्मर आईडी के लिए विशेष कैंप

## समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित




**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टीएल बैठक में जिले के किसानों की यूनिक फार्मर आईडी जनरेट करने के लिए एसडीएम हुजूर एवं बैरसिया को 11 से 13 मार्च तक तहसील की सभी ग्राम पंचायतों में राजस्व कैंप लगाकर फार्मर रजिस्ट्री करने के निर्देश दिए। भोपाल जिले में 76 हजार से अधिक किसानों के फार्मर आईडी बनाए जाने हैं। कलेक्टर सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों को गंभीरतापूर्वक निराकरण करने एवं लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही पुअर डिस्पोजल शिकायतों को रिओपन कर संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अगले 10 दिवस तक सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकातयों का निराकरण कर प्रदेश में टॉप 10 जिलों में शामिल होने के भी निर्देश दिए।